# दैनिक बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

एक विश्वास...

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, में एक साथ प्रसारित।

सम्पादक : राजेश शर्मा

बलरामपुर
शुक्रवार ,06 मार्च 2026
वर्षः 05 अंक : 153 पृष्ठः 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रुपया


बॉक्स ऑफिस पर द केरल स्टोरी 2 ने ...8

9415163471, 9453824459 Dainik Budh ka sandesh @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

## बिहार में सुशासन बाबू युग का अंत ? नीतीश ने दाखिल किया राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन, अमित शाह भी रहे साथ



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने आज राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बिहार विधानसभा पहुंचे और अपना नामांकन पत्र जमा किया। कुमार वर्ष 2005 से अब तक रिकॉर्ड 10 बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में नए मुख्यमंत्री और राज्य की नयी सरकार को उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा।

कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''दो दशकों से अधिक समय तक आपने मुझ पर लगातार भरोसा और समर्थन जताया है। उसी विश्वास की ताकत से हमने बिहार और आप सभी की पूरी समर्पण भावना से सेवा की है। आपके भरोसे और समर्थन के कारण ही आज बिहार विकास और सम्मान की एक नयी पहचान प्रस्तुत कर रहा है।'' उन्होंने कहा कि अपने संसदीय जीवन की शुरुआत से ही उनकी इच्छा रही है कि वह राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों और संसद के दोनों सदनों के सदस्य बनें। उन्होंने कहा, ''इसी आकांक्षा के अनुरूप मैं इस बार होने वाले चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनने का प्रयास कर रहा हूं।'' कुमार ने कहा कि मैं आपको पूरे विश्वास के साथ आश्वस्त करना चाहता हूं कि भविष्य में भी आपसे मेरा संबंध बना रहेगा और विकसित बिहार के निर्माण के लिए आपके साथ मिलकर काम करने का मेरा संकल्प अटल रहेगा। राज्य में बनने वाली नयी सरकार को मेरा पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। पिछले वर्ष नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड जीत दिलाने के बाद कुमार के पद छोड़ने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कोई नेता राज्य के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल सकता है। यदि ऐसा होता है तो बिहार को पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री मिलेगा। हिंदी पट्टी के राज्यों में बिहार ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां अब तक भाजपा का मुख्यमंत्री नहीं रहा है।

## पीएम मोदी की दुनिया को दो टूक, Military संघर्ष समाधान नहीं



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यूक्रेन और अमेरिका–इजराइल–ईरान युद्धों को जल्द समाप्त करने का आह्वान किया और इस बात पर जोर दिया कि संघर्षों के समाधान का एकमात्र रास्ता संवाद और कूटनीति ही है। प्रधानमंत्री की ये टिप्पणियां ऐसे समय में महत्वपूर्ण हैं जब 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका–इजराइल के हमलों के बाद मध्य पूर्व में अराजकता फैल गई, जिसके परिणामस्वरूप तेहरान ने जवाबी हमले किए। दिल्ली में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देश कानून के शासन में दृढ़ विश्वास रखते हैं और यूक्रेन और मध्य पूर्व में दीर्घकालिक शांति के लिए प्रयास जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और फिनलैंड कानून के शासन, संवाद और कूटनीति के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता रखते हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि सैन्य संघर्षों से विवादों का समाधान नहीं हो सकता। यह बात यूक्रेन और पश्चिम एशिया की स्थितियों पर भी समान रूप से लागू होती है। हम युद्धों के शीघ्र अंत की आशा करते हैं और स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेंगे।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में पहुंचा भारत

## अहमदाबाद में न्यूजीलैंड से खिताबी भिड़ंत



टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 7 रन से हराकर भारत फाइनल में पहुंच गया है। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान 253 रन बनाए, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने जैकब बेथल की शतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में सात विकेट खोकर 246 रन बनाए। जैकब ने इस दौरान 105 रन की बेहतरीन पारी खेली।

भारत अब फाइनल में रविवार को न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और टी20 विश्व का खिताब बचाने वाली पहली टीम बनकर इतिहास रचने की कोशिश करेगा। सैमसन ने इससे पहले 15 रन के स्कोर पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 42 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से 89 रन की पारी खेलने के अलावा इशान किशन (39 रन, 18 गेंद, चार चौके दो छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 97 और शिवम दुबे (43 रन, 25 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंद में 43 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट मुकाबलों का सर्वोच्च स्कोर है।

हार्दिक पंड्या (12 गेंद में 27 रन, तीन चौके, दो छक्के) और तिलक वर्मा (सात गेंद में 21 रन, तीन छक्के) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। भारत की पारी में 19 छक्के लगे जो टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इंग्लैंड की ओर से स्पिनरों विल जैक्स (40 रन पर दो विकेट) और आदिल राशिद (41 रन पर दो विकेट) ने दो–दो विकेट चटकाए। तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और सैम कुरेन ने क्रमशरू 61 और 53 रन लुटाए।

## असम एनडीए में सीट–बंटवारे का फार्मूला तय

### मुख्यमंत्री हिमंता बोले :बस केंद्रीय Board की मुहर बाकी



गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा कि असम में भारतीय जनता पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे का समझौता हो गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अंतिम समझौते की पार्टी के केंद्रीय संसदीय बोर्ड द्वारा औपचारिक समीक्षा की जानी बाकी है और औपचारिक घोषणा में 2–4 दिन लगेंगे। हिमंता बिस्वा सरमा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कल रात हमने असम गण परिषद, बोडोलैंड पीपुल्स फोरम और राभा हासोंग जौथा संग्राम समिति के साथ अपनी बातचीत पूरी कर ली है। एनडीए की ओर से सीट बंटवारे पर हमारी बातचीत पूरी हो चुकी है। हालांकि, हमें केंद्रीय संसदीय बोर्ड से मंजूरी लेनी होगी। इसलिए, औपचारिक घोषणा में 2–4 दिन लगेंगे। नए सदस्यों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज तीन कांग्रेस विधायकों ने हमारी पार्टी में शामिल हुए हैं। यह भाजपा के लिए एक बड़ा दिन है। मुझे विश्वास है कि यह भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के सम्मान को दर्शाता है। इसी बीच, असम विधानसभा चुनाव से पहले निलंबित कांग्रेस के तीन विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ, बसंत दास और शशि कांत दास गुवाहाटी स्थित राज्य भाजपा मुख्यालय में राज्य पार्टी अध्यक्ष दिलीप सैकिया की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। चुनाव से पहले कांग्रेस नेताओं का भाजपा में शामिल होना पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है, खासकर पिछले महीने असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोराह के सत्तारूढ़ दल में शामिल होने के बाद।

## जो लोग चुप्पी पर सवाल उठा रहे थे, उन्हें भारत ने अपने अंदाज में सख्त जवाब दे दिया है

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार यह सवाल उठ रहे थे कि भारत की प्रतिक्रिया क्यों सामने नहीं आयी है? कई दिनों तक चली इस चर्चा के बीच भारत ने अपने अंदाज में इस सवाल का जवाब दे दिया है। हम आपको बता दें कि भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी आज नयी दिल्ली स्थित ईरान के दूतावास पहुंचे और शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर कर खामेनेई की मौत पर भारत सरकार की ओर से संवेदना व्यक्त की। इस कदम को भारत की औपचारिक प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको बता दें कि खामेनेई की मृत्यु के बाद ईरान सरकार ने अपने सर्वोच्च नेता की कथित शहादत के सम्मान में चालीस दिन के सार्वजनिक शोक और सात दिन के सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।

## इजराइल–ईरान संघर्ष पर बीजेडी सांसद की खरी–खरी

### पीओके का जिक्र कर बोले– भारत के संयम से सीखें



नई दिल्ली। बीजू जनता दल (बीजेडी) के सांसद सस्मित पात्रा ने गुरुवार को पश्चिम एशिया संघर्ष पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्थिति बेहद चिंताजनक है और उन्होंने सभी पक्षों से बातचीत की मेज पर आने का आह्वान किया। एएनआई से बात करते हुए पात्रा ने कहा कि संघर्ष समाप्त होना चाहिए और दोनों पक्षों को बातचीत की मेज पर आना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि संघर्ष के समाधान के लिए संवाद, चर्चा और विचार–विमर्श महत्वपूर्ण हैं। पात्रा ने आगे कहा कि स्कूलों, नागरिक बस्तियों और उन देशों पर मिसाइलों का गिरना जिनका इस संघर्ष से कोई लेना–देना नहीं है, यह दर्शाता है कि यह युद्ध कितना व्यापक होता जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सभी देशों को एकजुट होना चाहिए, चाहे वे संयुक्त राज्य अमेरिका हों, इजराइल हों, ईरान हों या अन्य राष्ट्र। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत हमेशा से अहिंसा और शांति के सिद्धांत में विश्वास रखता आया है। यहां तक कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी भारत का दृष्टिकोण संतुलित और संयमित थाय हमने युद्ध नहीं किया।

## बंगाल में एसआईआर की जांच का डर, 48 घंटों में 3 लोगों ने आत्महत्या



राज्य में पिछले 48 घंटों में एसआईआर के फैसले के साये में आए तीन लोगों ने आत्महत्या कर ली। एक अन्य व्यक्ति की स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण मृत्यु हो गई, जिसके लिए परिवार ने एसआईआर से संबंधित चिंता को जिम्मेदार ठहराया है। मगरहाट के 44 वर्षीय वैन चालक रफीक अली गाजी ने कथित तौर पर मंगलवार रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जब उन्हें पता चला कि पिछले शनिवार को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में उनका नाम षविचाराधीनष के रूप में दर्ज है। रफीक की पत्नी अमीना बीबी ने चुनाव आयोग के खिलाफ उस्ती पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय टीएमसी कार्यकर्ताओं ने शव के साथ विरोध प्रदर्शन किया और बुधवार को कुछ समय के लिए उस्ती– शिराकोल सड़क को अवरुद्ध कर दिया।

### तृणमूल कांग्रेस ने कहा, एक बार फिर त्रासदी

डे की मौत को अंतिम सूची में उनके नाम के गायब होने से जोड़ते हुए, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को श्एक्सश पर पोस्ट में कहा कि बंगाल में एक बार फिर दिल दहला देने वाली त्रासदी हुई। जलपाईगुडी में एक मामूली मोमो विक्रेता, गौरंगा डे ने लगभग चार दशकों के मतदान के बावजूद निर्वाचन आयोग के एसआईआर द्वारा उनका नाम हटा दिए जाने के बाद अपनी जान था।

## नीतीश कुमार के फैसले से जदयू में बगावत

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के फैसले से राज्य में नए मुख्यमंत्री का रास्ता खुल गया है, जिससे जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकर्ता और समर्थक हैरान हैं। पटना में मुख्यमंत्री के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे जेडीयू कार्यकर्ताओं और समर्थकों को यह विश्वास नहीं हो रहा है कि नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद छोड़ने का फैसला कर लिया है। एक जेडीयू कार्यकर्ता ने नीतीश कुमार की इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हो सकता है कि उनका अकाउंट हैक हो गया हो। एक अन्य कार्यकर्ता ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपना फैसला नहीं बदलते हैं तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। एक जदयू कार्यकर्ता ने कहा कि ये दुखद है। जो नीतीश कुमार छात्र आंदोलन से लेकर आज तक बिहार की जनता की सेवा करते रहे... बिहार की जनता उन्हें अपना परिवार मानती है। नीतीश कुमार के अलावा दूसरा कोई यहां मुख्यमंत्री नहीं हो सकता है। हम चाहते हैं कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने रहें। जदयू नेता राजीव रंजन पटेल ने कहा कि हम लोग रोएं नहीं तो क्या करें? लाठी खाकर, लात खाकर हम लोगों ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया, 2025 में हमने नीतीश कुमार के नाम पर घर–घर जाकर वोट मांगें।

## इनके दामन पर कोई दाग नहीं अमित शाह ने की नीतीश की जमकर तारीफ, कहा– स्वर्णिम अध्याय है उनका कार्यकाल



पटना। गुरुवार को बिहार में एक बड़ा राजनीतिक परिवर्तन देखने को मिला, जब मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। नीतीश कुमार के अलावा, उपेंद्र कुशवाहा और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन सहित अन्य एनडीए उम्मीदवारों ने भी उच्च सदन के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने दो दशकों से अधिक समय तक इस पद पर रहने के बाद राज्यसभा के लिए चुनाव लड़ने की घोषणा की थी और मौजूदा चुनाव में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। 75 वर्षीय नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि नए मंत्रिमंडल को उनका पूरा समर्थन प्राप्त होगा। नामांकन के बाद अमित शाह ने कहा कि मैं नितिन नबीन, नीतीश कुमार, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाहा और सुदेश राम के राज्यसभा नामांकन समारोह में शामिल होने पटना आया हूँ। नितिन नबीन ने राज्य में एक लंबे और सफल राजनीतिक करियर के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और अब राज्यसभा के माध्यम से संसद में भी अपना योगदान देंगे। आज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही, लंबे अंतराल के बाद वे एक बार फिर राज्यसभा सांसद के रूप में राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश करेंगे। शाह ने कहा कि नीतीश कुमार 2005 से अब तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे हैं। उनका कार्यकाल वास्तव में गौरवशाली रहा। यह कार्यकाल बिहार के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में लिखा जाएगा, जिसने बिहार के विकास के सभी पहलुओं को आकार दिया। विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के रूप में अपने लंबे करियर में उनका कुर्ता कभी कलंकित नहीं हुआ। उनका पूरा जीवन भ्रष्टाचार के आरोपों से मुक्त रहा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों तक उन्होंने बिहार की प्रगति में हर तरह से महत्वपूर्ण योगदान दिया, और उन्हीं के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मोदी की सभी पहलें बिहार की जनता तक पहुंचीं। उन्होंने कहा कि वे एक बार फिर राज्यसभा सांसद के रूप में दिल्ली लौट रहे हैं। मैं और हमारे सभी एनडीए सहयोगी उनका हार्दिक स्वागत करते हैं, और मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल बिहार की जनता द्वारा हमेशा याद रखा जाएगा और सम्मान दिया जाएगा।

## बंगाल राजनीति में बड़ा उलटफेर, सीवी आनंद बोस ने राज्यपाल पद छोड़ा, दिल्ली में बढ़ी सियासी हलचल



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने साढ़े तीन साल तक इस पद पर रहने के बाद गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह कदम राज्य में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से कुछ ही सप्ताह पहले उठाया गया है। सूत्रों के अनुसार, बोस दिल्ली में हैं और उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। कौन हैं सीवी आनंद बोसः डॉ. सीवी आनंद बोस (जन्म 2 जनवरी 1951) भारत के एक सेवानिवृत्त 1977 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (प्ै) अधिकारी और राजनेता हैं। उन्होंने 23 नवंबर 2022 से 5 मार्च 2026 तक पश्चिम बंगाल के 21वें राज्यपाल के रूप में कार्य किया।

# गन्दगी के अम्बार से ग्रामीण परेशान ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व सफाई कर्मचारी पर लगाया गंभीर आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बस्ती।** सल्टौआ विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बहादुरपुर के एक गांव में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। गांव में जगह–जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है और नालियां कई वर्षों से साफ नहीं की गई हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर मीडिया टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्राउंड जीरो की पड़ताल की गई। जांच के दौरान पाया गया कि गांव की अधिकांश नालियां पूरी तरह जाम और गंदगी से पटी हुई हैं। कई स्थानों पर नालियों में पानी का जमाव हो गया है, जिससे बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से नालियों की नियमित सफाई नहीं कराई गई, जिसके कारण गांव की स्वच्छता व्यवस्था बदहाल हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में तैनात सफाई कर्मचारी अमरनाथ द्वारा नियमित रूप से सफाई कार्य नहीं किया जाता है। जब मीडिया टीम गांव में पहुंची और स्थिति की जानकारी सफाई कर्मचारी को हुई तो वह अपने एक सहयोगी के साथ मौके पर पहुंचा और किसी अन्य व्यक्ति से नाली की सफाई करवाने लगा। मौके पर यह



भी देखा गया कि गांव के मुख्य रास्तों के किनारे बनी नालियां पूरी तरह गंदगी से भरी हुई थीं और कई जगहों पर नालियां जाम होने के कारण पानी सड़क पर फैल रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी स्वयं काम करने के बजाय किसी अन्य व्यक्ति को दिहाड़ी पर लगाकर सफाई कराता है। गांव के निवासी व पूर्व सैनिक रामअवतार ने बताया कि यहां कई दिनों से कोई नियमित सफाई नहीं की जाती है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी अक्सर यह कहता है कि गांव में दवा छिड़काव वह अपने पैसे से दवाइयां खरीदकर करता है, जबकि गांव में साफ–सफाई और दवा छिड़काव की जिम्मेदारी पंचायत व संबंधित विभाग की होती है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले में ग्राम प्रधान धरी लाल द्वारा भी कोई विशेष सहयोग नहीं किया जाता है। गांव के लोगों का कहना है कि यदि समय–समय पर नालियों की सफाई और दवा का छिड़काव कराया जाए तो गंदगी और बीमारी फैलने की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। ग्रामीणों के बीच यह भी चर्चा है कि जब बहुजन समाज पार्टी की सरकार थी, उस समय पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी ताकि गांवों में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हो सके। लेकिन वर्तमान में कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 52 हजार रुपये मासिक वेतन पाने के बावजूद सफाई कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रहे हैं और खुद को जिम्मेदारी से दूर रख रहे हैं। इस पूरे मामले में जब खंड विकास अधिकारी सल्टौवा से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे बात नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव की स्वच्छता व्यवस्था को सुधारने के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में साफ–सफाई की व्यवस्था नियमित रूप से सुनिश्चित हो सके।

# राजेन्द्र हॉस्पिटल में अत्याधुनिक लेवल–3 एनआईसीयू की सुविधा

## आयुष्मान योजना से नवजातों का निःशुल्क इलाज

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बस्ती।** मुण्डेरवा मार्ग राजेन्द्रानगर में स्थित राजेंद्र हॉस्पिटल में नवजात शिशुओं के इलाज के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डा. ईशा कपूर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल में लेवल–3 एनआईसीयू (नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट) की व्यवस्था की गई है, जो पूर्वांचल क्षेत्र में बहुत कम अस्पतालों में उपलब्ध है। डा. कपूर ने बताया कि हाल ही में एक नवजात शिशु संतकबीर नगर जनपद के बीना देवी पत्नी उमापति को गंभीर स्थिति में यहां भर्ती कराया गया था।



बच्चे का जन्म किसी अन्य स्थान पर हुआ था और उसकी तबीयत ठीक नहीं थी, जिसके बाद उसे राजेंद्र हॉस्पिटल के एनआईसीयू में भर्ती कराया गया। यहां विशेषज्ञ डाक्टरों और आधुनिक मशीनों की मदद से उसका इलाज किया गया, जिसके बाद अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ होकर घर जा चुका है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में लेवल–3 एनएसयू के साथ–साथ 10 वेंटिलेटर, 12 सीपीएपी मशीनें, लैमिनर चौबर, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और केएमसी (कंगारू मदर केयर) यूनिट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन आधुनिक व्यवस्थाओं के कारण गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं का भी बेहतर इलाज संभव हो पा रहा है। डा. कपूर ने बताया कि अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत नवजात शिशुओं का इलाज निःशुल्क किया जाता है। इससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलती है और उन्हें इलाज के लिए आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल शहर से कुछ दूरी पर स्थित होने के बावजूद मरीजों की सुविधा के लिए 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध है। जरूरत पड़ने पर मरीज एम्बुलेंस को कॉल कर सकते हैं और यह सेवा निशुल्क प्रदान की जाती है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि राजेंद्र हॉस्पिटल का उद्देश्य मरीजों को बेहतर और भरोसेमंद चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि क्षेत्र के लोगों को गंभीर इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर न जाना पड़े।

# प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. महेंद्र चतुर्वेदी ने लगाया हमले की कोशिश एवं गाली गलौज का आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बजार। पूर्व प्रधान जोखन प्रसाद चौधरी और उनके



पांच बेटो के द्वारा गाली गलोज करने एवं विश्व हिन्दू महासंघ भारत के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. महेंद्र चतुर्वेदी, राम बुझावन पासवान, अनवर अली, गंगाराम सहानी पर हमला करने का प्रयास किया गया जिसके लिए बाहर से गुंडे भी बुलाये गए एवं मारपीट कर भय का माहौल बनाने का प्रयास किया गया जिसका वीडियो साक्ष्य भी प्रस्तुत किया गया जिसमे पूर्व प्रधान जोखन चौधरी, उसका बेटा भूपेंद्र चौधरी, संजय चौधरी, उपनेश चौधरी और गाली देतते दिख रहे और सतेंद्र चौधरी बेल्ट निकाल कर मारपीट करने की धमकी देता नजर आ रहा है सुनने मे आया है की पिछले कई वर्षों से ये लोग ऐसा करके पूरे गाँव मे भय का माहौल बनाते रहते हैं और लोगों को डरा धमका कर वोट लेकर प्रधान पद भी हासिल करते हैं! वीडियो मे पूर्व प्रधान जोखन चौधरी सफाई कर्मी राम बुझावन को जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली देता नजर आ रहा है! इस तरह के कार्यों को करना इन्होने अपना पेशा बना लिया है इनका परिवार लम्बा है इसलिए आये दिन लोगों को परेशान करते हुए भय का वातावरण विकसित करते रहते हैं, दलाली, मक्कारी एवं गांव के लोगों का पैसा ऐठना एवं मांगने पर मारने पीटने की धमकी देकर डराना इनका कार्य है! थाने पर सांठ गाँठ करके पीड़ितों पर मुकदमा भी लिखवाते है! उक्त घटना के पश्चात् इन्होने पीड़ितों के ऊपर झूठा मुकदमा कराने का प्रयास भी किया गया है उनके पास पांच–पांच बेटे हैं जिनको साथ लेकर पांच गाली दिलवाते एवं मारपीट कराने की कोशिश करते हुए देखें जा रहे हैं!सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो।

# गोन्डा शहर क्षेत्र में चारों रही होली की धूम,डीजे की धुन पर लोगों ने नाचते हुए रंगों की मस्ती डूबे दिखे

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद में बुधवार



को गली और मोहल्लो में होली की धूम मच रही थी जगह–जगह लोग टोली बनाकर होली के गानों पर लोगों ने एक दूसरे के ऊपर रंग लगाकर खूब मस्ती की। सुबह ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में लोग पहुंचकर बाबा खाटू श्याम और दादी जी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया और ठंडाई का जलपान किया।होली का खुमार ऐसा था कि लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली मनाई। इस दौरान श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, गोविंद जालूका, पुनीत बंसल, आलोक भावसिंहका,अंकित लवी, नितेश मित्तल,सुशील पचेरिया,विशाल बंसल,राजेश बंसल, दौलत शर्मा सहित भारी संख्या में लोगों ने होली खेली।शहर के मशहूर नूरामल मंदिर सीतापुर अस्पताल के समीप महिलाओं ने खूब होली खेली।इस दौरान लक्ष्मी अग्रवाल, ज्योति मित्तल, सोनम अग्रवाल, कविता काबरा, पूजा केडिया, मंजू अग्रवाल, सुरुचि अग्रवाल सहित मौजूद रही।

उधर रानी बाजार में श्री राम जानकी महिला मंडल ने टोली बनाकर एक दूसरे को रंग लगाकर अबीर गुलाल लगाकर होली की खूब मस्ती की और होली के गानों पर खूब झूमीं।सीमा अग्रवाल, कविता बंसल, मीनू पचेरिया,रोली पचेरिया, रुचि अग्रवाल,वर्षा अग्रवाल, रचना पचेरिया, अनामिका बंसल सहित काफी संख्या में लोगों ने खूब मस्ती की।होली के मस्ती में लोग अलग–अलग डीजे पर डांस करते नजर आए प्रशासन की व्यवस्था बहुत चुस्त नजर आ रही थी।

# पुलिस लाइन चुर्क में खेली गई पुलिस की होली

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। होली पर्व के दूसरे दिन पुलिस लाइन चुर्क, जनपद



सोनभद्र में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, थाना प्रभारी तथा पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दीं तथा आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सहयोग की भावना के साथ उत्सव मनाया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

# श्री बांके बिहारी मंदिर में धूम धाम से मनाया गया रंगोत्सव



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज नगर के रामलीला मैदान स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में बुधवार को रंगोत्सव धूमधाम से मनाया गया। फाग गायन के बाद फूल एवं गुलाल से ठाकुर जी को सजाया गया। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर ठंढई, गुझिया, चिप्स, पापड़ के वितरण किया गया। लोग अपने अपने घरों से पकवान एवं फूल, अबीर ,गुलाल लेकर आए थे। बता दें कि यह परंपरा वर्ष 2019 से प्रारंभ की गयी है,तत्पश्चात सभी लोगों ने इस पवित्र एवं पावन पर्व पर शपथ लिया कि सभी उपस्थित लोग नशे से दूर रहेंगे और समाज में नशा मुक्ति के लिए वर्ष पर्यंत काम करेंगे। इस अवसर पर सर्व श्री जितेंद्र सिंह,रामप्रसाद यादव,पवन जैन,धर्मेश सिंह खरवार,विनोद केशरी, प्रदीप चौबे,राकेश कुमार गुप्ता, पुजारी विनय शंकर पाण्डे,राजेश सोनी, सोनू जैन,चंदन केशरी,.ष्ण मोहन,अभिषेक, यादव अनुराग यादव,अपूर्व यादव, आयुष,आदर्श,प्रांजल इत्यादि लोग रहे।

# मेहदावल थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ होली का त्यौहार

दैनिक बुद्ध का संदेश

संत कबीर नगर। मेहदावल थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया होली का त्योहार परंपरागत तरीके से धूमधाम से





मनाया गया। रंगों से सराबोर लोगों ने गले मिलकर एकदूसरे को शुभकामनाएं दीं। कई स्थानों पर होलिका दहन हुआ। बुधवार को तड़के शुरू हुआ होली खेलने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। हुरियारों की टोलियां और जुलूस गली–मोहल्लों में से गुजरे। उन पर लोगों ने छतों से जमकर रंग बिखेरा। जगह–जगह बज रहे डीजे पर लोगों ने जमकर डांस किया। होली के गीतों की गूंज शाम तक सुनाई देती रही। जगह–जगह पर लोगों ने डीजे लगवा रखे थे। जहां पर वे होली के गीतों पर जमकर झूम रहे थे। बुधवार को तड़के लोगों ने होली पूजन किया और फिर घरों से रंग खेलने को निकल पड़े। सुबह से शुरू हुआ रंग का सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रहा। रंग खत्म होने के बाद शहरों से लेकर देहात क्षेत्रों में देर शाम तक चौपाइयों की धूम रही।

# भगवान विष्णु महापुराण कथा विष्णु महायज्ञ धर्म स्थल कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। भगवान् बुद्ध की पावन धरा पर स्थित महोखवा समय माता मन्दिर पर कथा व्यास धीरज भाई जी महाराज ब्याकरणाचार्य की देखरेख में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन दिवस भक्ति और अध्यात्म के अनुपम संगम के रूप में बृहस्पतिवार को निर्विघ्न संपन्न हुआ। कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य के जीवन का उद्धार धन या भौतिक सुखों से नहीं, बल्कि गुरु के प्रति अटूट निष्ठा और गौ–माता की निस्वार्थ



सेवा से ही संभव है। उन्होंने गुरु और गोविन्द को दो दिव्य स्तंभ बताते हुए कहा कि गुरु ही शिष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर भगवान के चरणों तक पहुँचाते हैं। सच्ची भक्ति का अर्थ पूर्ण समर्पण है। सनातन धर्म की महिमा बताते हुए महाराज जी ने गौ–सेवा को मोक्ष का द्वार बताते हुए कहा कि जिस घर में गौ–सेवा का भाव होता है, वहाँ सुख–शांति और समृद्धि का वास रहता है। कथा के दौरान सुदामा और श्री.ष्ण की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान वस्तु या धन के नहीं, बल्कि भक्त के सच्चे भाव के भूखे होते हैं। जो व्यक्ति पूर्ण विश्वास के साथ स्वयं को भगवान को समर्पित कर देता है, उसकी झोली कभी खाली नहीं रहती।अंत में महाराज जी ने अपने जीवन में सरलता, निष्कपटता, गुरु आज्ञा का पालन व गौ सेवा को अपनाकर जीवन सफल बनाने का आह्वान किया। कथा में यजमान फूलचंद जायसवाल सहित बडी संख्या में श्रोतागंण उपस्थित रहे।

# पराविधिक स्वयं सेवकगण करें लोक अदालत का प्रचारः न्यायिक अधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

संत कबीर नगर। जनपद न्यायाधीश रणधीर सिंह के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/न्यायिक अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के तैयारियों के बाबत जनपद में विभिन्न थानों एवं तहसीलों में तैनात समस्त पराविधिक स्वयं सेवकों के साथ बैठक आहुत किया। श्री



सिंह ने निर्देशित किया की दिनांक 14–03–2026 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु आम जन मानस में प्रचार प्रसार का होना आवश्यक है।

सभी पराविधिक स्वयं सेवक अपने–अपने क्षेत्र एवं नियुक्ति स्थल पर ज्यादा से ज्यादा लोगों में पैंपलेट वितरित करें तथा स्टीकर चस्पा करें, एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह योग्य वाद को चिन्हित करके वादकारियों को न्यायालय में उपस्थित होने का आग्रह करें। बैठक के उपरान्त कार्यालय लिपिक राम भवन चौधरी द्वारा समस्त पराविधिक स्वयं सेवकों को पैंपलेट एवं स्टीकर प्राप्त कराया गया। उक्त बैठक में पराविधिक स्वयं सेवकगण क्रमशरू अरविंद राय, सुरेश चंद्र, जितेन्द्र यादव, अनिल राय, प्रियंका, संध्या सोनी, लल्लन, सोनी वर्मा, शैलेन्द्र, त्रिलोकी समेत अन्य कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का पर्व

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। क्षेत्र मे रंगों का पर्व होली बुधवार को बड़े ही



हर्षोल्लास पूर्वक मनायी गयी, होलिका दहन कुछ स्थानों पर मंगलवार को भोर मे और कुछ स्थानों पर मंगलवार को देर शाम किया गया, थाना क्षेत्र के 27 स्थानों पर मंगलवार की भोर तथा 53 स्थानों पर मंगलवार को देर शाम होलिका दहन शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ, बुधवार को दिन भर अबीर गुलाल तथा फगुआ गानों का दौर चलता रहा , लोग गावों, बाजोरों चौराहों पर एक दुसरे से गले मिलते रहे, मंहगाई की मार झेल रहे लोगों मे पर्व के प्रति उत्साह मे कहीं से कोई कमी नजर नहीं आयी, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुरे क्षेत्र मे शांति पूर्वक होली का पर्व मनाया गया।

# होली मिलन समारोह में व्यापारियों ने दिया एकजुटता का सन्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के शोहरतगढ़ इकाई द्वारा नगर के प्रसिद्ध शिवबाबा मंदिर परिसर में होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल ने किया, जिसमें टीम के सभी पदाधिकारी, संरक्षक एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शोहरतगढ़ चेयरमैन प्रतिनिधि/संरक्षक रवि अग्रवाल मौजूद रहे। उन्होंने सभी नगरवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है, जिसे मिल-जुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाना चाहिए। व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल ने भी नगर एवं क्षेत्रवासियों को होली की बधाई देते हुए सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार हमें आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने का संदेश देते हैं। कार्यक्रम का संचालन नि० सभासद एवं वरिष्ठ महामंत्री मनोज कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिकों में शिवपूजन वर्मा (भोलेनाथ), किशोरी लाल, महावीर प्रसाद वर्मा, रुपेश वर्मा, प्रशांत मिश्रा, कृष्ण कुमार अग्रवाल, महेश कसौधन, राजकुमार मोदनवाल, दिलीप वर्मा, रामसेवक गुप्ता, कौशल किशोर उमर, मुकेश पोद्दार, राजेंद्र प्रसाद कांदू, सचमुच त्रिपाठी, सतीश मित्ताल, दीनानाथ कसौधन, सभासद अनूप कसौधन, महेश गुप्ता, दिलीप वर्मा, बबलू गौड़ सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।



# होली पर्व पर चेयरमैन उमा अग्रवाल ने कर्मचारियों में बांटी मिठाइयां व उपहार

दैनिक बुद्ध का संदेश

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ नगर पंचायत में होली पर्व के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल द्वारा कर्मचारियों को मिठाई एवं उपहार भेंट कर होली की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल सहित नगर पंचायत के सभासद एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत में नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि होली रंगों और भाईचारे का पर्व है। उन्होंने सभी से आपसी सद्भाव, प्रेम और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। वहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने बताया कि शोहरतगढ़ में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक होली जुलूस निकाला जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि जुलूस सुबह 10रू00 बजे राम जानकी मंदिर शोहरतगढ़ से प्रारंभ होकर प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्गों से होते हुए पुनः वहीं आकर समाप्त होगा। उन्होंने नगरवासियों से बड़ी संख्या में शामिल होकर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से लिपिक राजेश कुमार त्रिपाठी, बीडी कसौधन, कमलेश गुप्ता, अंकित गुप्ता, शनि सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 6 मार्च को कलेक्ट्रेट में निकलेगी ई-लॉटरी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद के किसानों के लिए कृषि विभाग की ओर से महत्वपूर्ण सूचना साझा की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कृषि यंत्रीकरण की विभिन्न योजनाओं में अनुदान का लाभ देने के लिए 6 मार्च 2026 को ई-लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। मुख्य बिंदु कब और कहाँ होगी प्रक्रिया? दिनांकरू 06 मार्च 2026 समयरू अपराह्न 2:00 बजे से स्थान कलेक्ट्रेट सभागार, सिद्धार्थनगर अध्यक्षता जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर (जिला स्तरीय कार्यकारी समिति) किन योजनाओं के लिए है यह चयन? यह चयन प्रक्रिया मुख्य रूप से दो प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत की जा रही है प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्डयू (फसल अवशेष प्रबंधन योजना)। कृषि विभाग के पोर्टल पर 25 फरवरी से 4 मार्च 2026 तक जिन कृषकों ने कृषि यंत्रों की बुकिंग की है, उनमें से लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने वाले यंत्रों के लिए ई-लॉटरी का सहारा लिया जाएगा। महत्वपूर्ण सूचना कृषि विभाग ने अपील की है कि जिन किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया है, वे निर्धारित समय पर कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित रहें। यदि कोई कृषक किसी कारणवश उपस्थित नहीं होता है, तो यह मान लिया जाएगा कि वह ई-लॉटरी की चयन प्रक्रिया से पूरी तरह सहमत है और उसे भविष्य में कोई आपत्ति नहीं है।

# यदि दुनिया में कहीं खुशी है तो अपने भारत में है :सांसद जगदम्बिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के रेलवे स्टेशन शोहरतगढ़ के सामने स्थित वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी में मंगलवार को विराट कुश्ती दंगल का आयोजन जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य की अध्यक्षता में किया गया, जिसके मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल तथा विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर शिवशरणप्पा जीएन रहे। कुश्ती में हरियाणा, उत्तराखण्ड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के अयोध्या के साथ साथ क्षेत्रीय पहलवान ने कुश्ती में अपना-अपना दाव आजमाइश किये कुश्ती में रामेश्वर यादव भारत केसरी भी दंगल में कुश्ती लड़ा। इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि यदि दुनिया में कहीं खुशी है तो अपने भारत में है। स्थानीय स्तर पर इस तरह का आयोजन होना यहां की छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का कार्य करता है। मैं क्षेत्रीय पहलवानों का हौसला बढ़ाने दंगल में आता रहता हूं। इतना ही नहीं इस ग्रामीण स्टेडियम में अब अखाड़ा भी बनेगा, जिसका सहयोग मैं करूंगा। यहां से भी पहलवान बनकर अपने देश का काम रोशन करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री विपिन सिंह, शोहरतगढ़ के राजा योगेन्द्र प्रताप सिंह, राजकुमार धनुर्धर सिंह, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, जिलाध्यक्ष डा0 पवन मिश्रा, ब्लाक अध्यक्ष गंगा मिश्रा, सिंहेश्वरी मंदिर के महंत दिव्यांशु जी महाराज, फरसा बाबा, मण्डल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, शोहरतगढ़ नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहें।




# बर्डपुर मण्डी समिति भवन का छज्जा गिरने से निर्माण गुणवत्ता और रख-रखाव पर उठे गंभीर सवाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर/सिद्धार्थनगर। जिले के बर्डपुर (नगर पंचायत कपिलवस्तु) स्थित मेला मैदान में मण्डी समिति भवन का छज्जा 28 फरवरी की रात अचानक गिर गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि कई व्यापारियों का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे ने भवन की निर्माण गुणवत्ता और रख-रखाव पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, छज्जा गिरने के समय न तो बारिश हो रही थी और न ही तेज आंधी-तूफान था। इसके बावजूद इमारत का यह हिस्सा ढह गया, जिससे भवन के निर्माण में इस्तेमाल सामग्री और उसके रख-रखाव की स्थिति पर सन्देह गहरा गया है। स्थानीय व्यापारियों गुरु प्रसाद, सीताराम, सर्वजीत गुप्ता और अमरनाथ सोनी ने भवन की निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि समय पर मरम्मत और नियमित देखभाल की जाती तो यह स्थिति नहीं आती। व्यापारियों के मुताबिक कथित तौर पर 99 वर्षों की लीज पर दी गई। यह बिल्डिंग मात्र 10-15 वर्षों में ही जर्जर हो गई है, जो विभागीय लापरवाही का संकेत है। इस घटना के बाद व्यापारियों में चिंता व्याप्त है। उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस हादसे ने मंडी समिति विभाग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि यह घटना दिन के समय होती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। अब क्षेत्र के अन्य सरकारी भवनों की सुरक्षा को लेकर भी चिन्ताएं बढ़ गई हैं। इस सम्बन्ध में एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्य ने जानकारी दी कि मामले की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।



# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का द्विवार्षिक अधिवेशन 20 मार्च को, नई कार्यकारिणी का होगा गठन

दैनिक बुद्ध का संदेश

**सिद्धार्थनगर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, जनपद शाखा सिद्धार्थनगर का द्विवार्षिक अधिवेशन आगामी 20 मार्च 2026, दिन शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में जनपद के समस्त संविदा, आउटसोर्सिंग और नियमित कर्मचारी शिरकत करेंगे। अधिवेशन का विधिवत उद्घाटन माननीय जिलाधिकारी महोदय द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रांतीय नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी, जिसमें मुख्य रूप से सुरेश रावत (प्रांतीय अध्यक्ष) अतुल मिश्रा (प्रांतीय मंत्री) विभिन्न संवर्गों के अन्य प्रांतीय अध्यक्ष एवं मंत्रीगण शामिल होंगे। परिषद के जिला मंत्री शिवाकांत पांडेय ने बताया कि जिला कार्यकारिणी की सहमति से आयोजित इस अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य नई जिला कार्यकारिणी का गठन करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में कर्मचारियों की जायज मांगों और लंबित समस्याओं के निराकरण हेतु एक गंभीर, कुशल और अनुभवी नेतृत्व की आवश्यकता है। नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह प्रांतीय अध्यक्ष श्री सुरेश रावत जी के सानिध्य में संपन्न होगा। होली की शुभकामनाओं के साथ उपस्थिति की अपील जिला मंत्री ने जनपद के सभी सम्मानित साथियों और भाई-बहनों से अपील की है कि वे शत-प्रतिशत संख्या में उपस्थित होकर संगठन को मजबूती प्रदान करें, ताकि शासन स्तर पर कर्मचारियों की नीतिगत लड़ाई को और प्रभावी बनाया जा सके। साथ ही, उन्होंने सभी कर्मचारियों और उनके परिजनों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुखद और आनंदमय भविष्य की कामना की है।

# बरघाट स्थित कम्पोजिट मदिरा एवं बियर की दुकान पर कार्यरत मुनीम की संदिग्ध मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जिले में नगर पंचायत बढ़नी चाफा बरघाट स्थित कम्पोजिट मदिरा एवं बियर की दुकान पर कार्यरत मुनीम मुनीराम निवासी जुडवनिया, थाना भवानीगंज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक होली के कारण दुकान बन्द थी। सुबह सम्पर्क न होने पर दुकान मालिक मौके पर पहुंचे। शटर का ताला तोड़कर अन्दर देखा गया तो मुनीम सिलिंग फैन से फांसी के फंदे पर लटके मिले। सूचना पर थाना भवानीगंज पुलिस, सीओ डुमरियागंज व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर सन्देह बना हुआ है। वहीं पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

# होली पर्व पर समाजसेवी उमेश प्रताप सिंह ने समरसता का दिया सन्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। तहसील क्षेत्र के ग्रा०पं० बेलवा निवासी युवा समाजसेवी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमेश प्रताप सिंह इन दिनों क्षेत्र में अपनी सक्रियता और जनसरोकारों को लेकर चर्चा में हैं। समाज को जोड़ने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की सोच के साथ वे निरन्तर जनसम्पर्क में जुटे रहते हैं। गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनना, अधिकारियों से संवाद स्थापित करना और समाधान तक लगातार प्रयास करना उनकी कार्यशैली की पहचान बन चुकी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उमेश प्रताप सिंह हर छोटी-बड़ी समस्या में लोगों के साथ मजबूती से खड़े नजर आते हैं, चाहे वह सड़क की दिक्कत हो, शिक्षा की व्यवस्था हो, खेल-कूद व्यवस्था हो या स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत। होली के पावन अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और आपसी प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। युवाओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि त्योहारों को मर्यादा, शालीनता और जिम्मेदारी के साथ मनाएं, ताकि समाज में सकारात्मक सन्देश जायें। उमेश प्रताप सिंह ने अपने सामाजिक जीवन में जो पहचान बनाई है, वह उनके संघर्ष, परिश्रम और जनसेवा के संकल्प का परिणाम है। क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए वे लगातार सक्रिय रहे हैं। सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर उन्होंने कई लंबित समस्याओं को समाधान तक पहुंचाने में भूमिका निभाई है। विशेष रूप से ग्रामीण मार्ग का निर्माण उनके सतत प्रयासों की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनका उद्देश्य केवल राजनीति नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और विकास के माध्यम से समाज को जोड़ना है। वे आगे भी क्षेत्र की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराते हैं। क्षेत्र में उनकी सक्रियता को देखते हुए समर्थकों का मानना है कि वे आने वाले समय में विकास की नई इबारत लिखने के लिए तैयार हैं।



# होली पर्व पर भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने दी शुभकामनाएं

दैनिक बुद्ध का संदेश



शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। होली पर्व को लेकर भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने समस्त क्षेत्रवासियों को रंगों के इस पावन त्योहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमें भेदभाव मिटाकर एक-दूसरे को गले लगाने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने की प्रेरणा देता है। श्याम जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास, खुशहाली और समृद्धि के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं और आने वाला समय शोहरतगढ़ विधानसभा के लिए नई संभावनाएं लेकर आएगा। उन्होंने सभी के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

# गंगा-जमुनी तहजीब के साथ बनायें होली का त्यौहार- जफर आलम

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ ब्लॉक के प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष एवं ग्रा०पं० रामवापुर (खास) के ग्राम प्रधान जफर आलम ने होली पर्व को लेकर क्षेत्रवासियों से आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ होली मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 4 मार्च 2026 को पूरे देश में होली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। ऐसे में सभी सम्मानित ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी आपसी भाईचारे के साथ एक-दूसरे को रंग लगाकर त्योहार की खुशियां बांटें और पड़ोसियों के साथ मिलकर पर्व मनाएं। जफर आलम ने विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी के ऊपर अनजाने में रंग पड़ जाए तो उसे सौहार्दपूर्वक स्वीकार करते हुए मुस्कुराकर "हैप्पी होली" कहें और क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखें। उन्होंने कहा कि एक अच्छे और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी की जिम्मेदारी है कि बिना किसी भेदभाव के शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाई जाए। अंत में उन्होंने समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई एवं दिली मुबारकबाद दी।



# आपसी सौहार्द्र और सामाजिक समरसता का प्रतीक है है होली का पर्व- अनिल चौधरी

दैनिक बुद्ध का संदेश



शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बुढ़नईयां (पकड़ी) निवासी एवं अपना दल (एस) के प्रदेश सचिव (शिक्षा मंच) अनिल चौधरी ने होली पर्व को लेकर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द्र और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। अनिल चौधरी ने यह भी कहा कि होली का पर्व हमें भेदभाव मिटाकर एक-दूसरे के गले मिलने और समाज में भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से अपील की कि इस अवसर पर आपसी कटुता और मतभेद भुलाकर प्रेम और सद्भाव के साथ पर्व मनाएं। होली का यह पावन पर्व हमें सकारात्मक सोच, नई ऊर्जा और आपसी विश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। प्रदेश सचिव ने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे समाज में शांति, सद्भाव और जागरूकता का संदेश फैलाएं तथा नशामुक्त और सुरक्षित होली मनाने का संकल्प लें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, कुंडी से लटकता मिला शव

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन/सिद्धार्थनगर ।लोटन कोतवाली क्षेत्र के कौलपुर ग्रांट टोला निबिअहवा में सोमवार की रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव छत की कुंडी से गमछा के सहारे लटकता हुआ मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कौलपुर ग्रान्ट ग्राम पंचायत केनिबिअहवाटोला निवासी विक्रम का पुत्र मोहन (28) प्रतिदिन की तरह सोमवार की रात खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। मंगलवार की सुबह स्वजन उठें और कमरे में गए तो देखें कि मोहन का शव छत की कुंडी से गमछा के सहारे लटका हुआ है। स्वजनों ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज का कहना है कि सूचना के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

# सम्पादकीय

# भारतीय परीक्षा की घड़ी है मध्यपूर्व संघर्ष

**वहीं दूसरी ओर होर्मुज जलमार्ग और आगे के माल ढुलाई नेटवर्क के माध्यम से शिपिंग पर निर्भर इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य वस्तुओं के निर्यात में देरी से लागत के बढ़ने की आशंका है। साथ ही अवसरों के नुकसान होने का खतरा बढ़ रहा है। यूं तो भारत सरकार आत्मविश्वास से भरी नजर आती है, लेकिन यदि पश्चिम एशिया का संघर्ष लंबा चलता है, तो हालात आर्थिक ...**

भले ही, दुनिया में चौधराहट बनाये रखने और साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिए अमेरिका ने इस्राइल के साथ मिलकर ईरान पर युद्ध थोपा हो, मगर इस युद्ध के दूरगामी घातक परिणाम पूरी दुनिया को झेलने होंगे। इस संघर्ष ने पूरे पश्चिमी एशिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तबाही के कगार पर खड़े ईरान ने जिस तरह अपने पड़ोसी देशों के व्यापारिक व औद्योगिक संस्थानों पर ताबड़–तोड़ हमले किए हैं, उससे मध्यपूर्व में बड़ा आर्थिक संकट पैदा हो गया है। लाखों लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खासकर लाखों भारतीय कामगारों के लिये बड़ा संकट पैदा हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पश्चिमी एशिया में बढ़ते संकट से, इस क्षेत्र में आर्थिक उथल–पुथल मची हुई है। दुनिया के प्रमुख वैश्विक जहाजरानी मार्गों पर मंडरा रहे खतरे के बीच ऊर्जा बाजार की स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास हुए हमलों के कारण कच्चे तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी की ढुलाई पहले ही बाधित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से के लिये एक रणनीतिक मार्ग है। लेकिन मौजूदा युद्ध से उपजे हालात में जहाज बीमा कंपनियों ने युद्ध–जोखिम कवरेज वापस ले लिया है। इसके चलते पेट्रोलियम पदार्थों व अन्य उत्पादों की माल ढुलाई लागत बढ़ रही है। युद्ध की विभीषिका के चलते तमाम जहाजों ने अपने मार्ग बदल लिए हैं। कुछ जहाज चलाने वाली कंपनियों ने अपने जहाजों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इसका तात्कालिक परिणाम यह है कि कच्चे तेल की कीमतों में काफी उछाल देखा जा रहा है। जिसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें आने वाले दिनों में विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाएंगी। जाहिरा तौर पर विकासशील व गरीब देशों का आर्थिक संकट और गहरा हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर विकासशील देशों की सरकारों के सामने विकास कार्यक्रमों के लिये वित्तीय संसाधन जुटाना अब एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं इन देशों में केंद्रीय बैंकों के लिये भी मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन बनाये रखना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल, हाल के दिनों में पेट्रोलियम और उसके उत्पादों पर निर्भर परिवहन, रसायन और प्लास्टिक उद्योग तक को बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। जाहिर है इससे इन उद्योगों के लाभ में कमी आ सकती है। साथ ही इन उद्योगों में निवेश धीमा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर आपूर्ति में देरी से वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं की समस्याएं और भी बढ़ सकती हैं। यह सर्वविदित है कि आज भी भारत अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिये कच्चे तेल का अस्सी से नब्बे प्रतिशत आयात करता है। इस कच्चे तेल का करीब चालीस फीसदी हिस्सा पश्चिमी एशिया से आता है। मौजूदा विषम परिस्थितियों के बीच होर्मुज जलमार्ग में व्यवधान तथा भू–राजनीतिक जोखिमों में वृद्धि से भारत के तेल आयात बिल के बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वहीं इसके साथ ही देश का राजकोषीय घाटा भी बढ़ सकता है। यहां तक कि कच्चे तेल के दाम में दस डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि भी आयात लागत को काफी हद तक बढ़ा सकती है। मौजूद संकट के बीच, विशेष रूप से खाड़ी क्षेत्र को निर्यात के लिये बने व्यापार गलियारे आज जटिल परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर होर्मुज जलमार्ग और आगे के माल ढुलाई नेटवर्क के माध्यम से शिपिंग पर निर्भर इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य वस्तुओं के निर्यात में देरी से लागत के बढ़ने की आशंका है। साथ ही अवसरों के नुकसान होने का खतरा बढ़ रहा है। यूं तो भारत सरकार आत्मविश्वास से भरी नजर आती है, लेकिन यदि पश्चिम एशिया का संघर्ष लंबा चलता है, तो हालात आर्थिक चुनौतियों को काफी हद तक बढ़ा सकते हैं। इस संकट से निपटने के लिए त्वरित नीतिगत प्रतिक्रिया की जरूरत है। वक्त की मांग है कि लगातार विषम होती परिस्थितियों के बीच ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण किया जाये। वहीं दूसरी ओर अस्थिरता से बचाव के लिये तत्काल मजबूत आर्थिक सुरक्षा उपायों की आवश्यकता होगी।

# स्पांसर के साथ चलता युद्ध का कारोबार

युद्ध चाहे किसी भी नाम से बेचा जाएदृ एपिक फ्यूरी, कूल पीस या गोल्डन ग्लोदृ असलियत में यह विनाश का कारोबार है। लेकिन जब इसमें स्पॉन्सर जुड़ जाते हैं तो यह एक कॉर्पोरेट इवेंट बन जाता है, जहां मौत भी विज्ञापन के साथ आती है। युद्ध अपने आप में बड़ा कारोबार है। युद्ध चलता है तो हथियार चलते हैं। हथियार चलते हैं तो हथियार बनते और बिकते हैं। ईरान पर अमेरिका ने जो हमला किया है, उस ऑपरेशन का नाम हैकृआपरेशन एपिक फ्यूरी, मतलब यह कोई नया वीडियो गेम लगता है। बच्चे इस तरह के वीडियो गेम के लिए पागल रहते हैं, वैसे बड़े भी युद्ध के गेम के लिए पागल रहते हैं। युद्ध धंधा है और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को धंधा और डील बहुत पसंद है। बहुत संभव है कि टीवी न्यूज में युद्ध के तमाम हिस्सों के स्पांसर भी आने लगें। कल्पना कीजिए, टीवी पर न्यूज एंकर कह रहा हैकृ'आज की बमबारी प्रस्तुत कर रहा हैदृ गोल्डन ग्लो साबुन, जो दुश्मन की गंदगी को तुरंत साफ कर दे। और कल सुबह की एयर स्ट्राइक का स्पॉन्सर हैदृ फ्लाई हाई एयरलाइंस, जो आपको आसमान में ले जाए और दुश्मन को नीचे गिरा दे।' जैसे क्रिकेट मैच के बीच में विज्ञापन आता है, वैसे ही युद्ध के बीच में भी ब्रेक होगा। 'आप देख रहे हैं ऑपरेशन कूल पीसदृ स्पांसर कूल कूल टुथपेस्ट। अभी थोड़ी देर में दुश्मन पर अगली बमबारी होगी, लेकिन उससे पहले लीजिए यह खास संदेश।' और फिर स्क्रीन पर आएगाकृसुपर फ्रेश सोपदृ क्योंकि युद्ध के बाद भी चाहिए ताजगी। जनता को लगेगा कि युद्ध कोई रियलिटी शो है। हर बमबारी, हर गोली, हर हमला–सबका अपना ब्रांड वैल्यू है। युद्ध अब केवल सैनिकों और हथियारों का खेल नहीं, यह मार्केटिंग और स्पॉन्सरशिप का महोत्सव है। बम गिराने वाला पायलट हेलमेट पर ब्रांड लोगो लगाएगा। टैंक पर लिखा होगा–पावर्ड बाय सुपर नेचुरल आयल और सैनिकों की वर्दी पर चमकेंगेदृ आफिशियल पार्टनर एक्स वाई जेड शूज। अगर यही सिलसिला चलता रहा तो आने वाले समय में हम सुनेंगे 'आज की मिसाइल अटैक दृडायमंड हाऊसिंग द्वारा प्रस्तुत।' 'कल का नाइट ऑपरेशन–स्वीट ड्रीम्स गद्दों की सौगात।' 'दुश्मन की हार– सुपर स्माइल डेंटल क्रीम के साथ।' युद्ध चाहे किसी भी नाम से बेचा जाए–एपिक फ्यूरी, कूल पीस या गोल्डन ग्लो– असलियत में यह विनाश का कारोबार है। लेकिन जब इसमें स्पॉन्सर जुड़ जाते हैं तो यह एक कॉर्पोरेट इवेंट बन जाता है, जहां मौत भी विज्ञापन के साथ आती है।

# निर्यात बढ़ाने को जरूरी खास रणनीतिक उपाय

**घरेलू ढांचागत सुधारों के प्रति भी नए सिरे से प्रतिब)ता आवश्यक होगी। इस हेतु देश में नियमों और नियामक संस्थाओं के कामकाज में मूलभूत बदलाव की जरूरत है। कर सुधारों को और गहराई देने के साथ जीएसटी प्रणाली को प्रभावी बनाया जाये। सिस्टमैटिक्स ग्रुप की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत द्वारा व्यापार समझौतों का अधिकतम लाभ लेने के लिए घरेलू कंपनियों को गुणवता, तकनीक और कुशल कर्मियों के साथ आगे ...**

ईरान व इस्राइल–अमेरिका के बीच युद्ध से भारत के सामने निर्यात घटने और व्यापार घाटा बढ़ने की चुनौती खड़ी हो गई है। ऐसे में सरकार द्वारा निर्यातकों को विशेष सहयोग व प्रोत्साहन जरूरी है। वहीं व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन की गति बढ़ानी होगी। ईरान और इस्राइल–अमेरिका के बीच युद्ध से निर्मित हालात से भारतीय निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव पर संबंधित मंत्रालयों, निर्यातक संगठनों और शिपिंग कंपनियों द्वारा जारी विचार मंथन में दो अहम बातें सामने आ रही हैं। एक, इस युद्ध से भारत के सामने निर्यात घटने और व्यापार घाटा बढ़ने की नई चुनौती खड़ी हो गई है। दो, युद्ध के दौर में सरकार द्वारा निर्यातकों को हरसंभव सहयोग– प्रोत्साहन, व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन और सुधारों की डगर पर आगे बढ़ना होगा। उल्लेखनीय है कि भारत के लिए अमेरिका, इस्राइल और ईरान तीनों ही निर्यात के अहम बाजार हैं, ऐसे में न केवल इन तीनों देशों में, बल्कि युद्ध प्रभावित पश्चिम एशियाई और यूरोपीय देशों में भी भारत से होने वाले निर्यात प्रभावित होंगे। विभिन्न देशों में भारत से निर्यात होने वाले खाद्य उत्पाद, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग सामान, बासमती चावल, चाय, मशीनरी, फार्मास्युटिकल्स, रत्न–आभूषण, प्लास्टिक और रबर जैसे क्षेत्रों में निर्यात प्रभावित हो सकते हैं।



युद्ध के बीच ईरान द्वारा दुनिया के सबसे अहम तेलमार्ग होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने से विभिन्न देशों के बाजारों में माल ढुलाई और बीमा प्रीमियम की लागत बढ़ने से भी भारतीय निर्यात प्रभावित हो सकते हैं। इतना ही नहीं, युद्ध के कारण सोने–चांदी की कीमतों में भारी उछाल से इनके आयात के बढ़े हुए मूल्य के कारण भारत का व्यापार घाटा और बढ़ता नजर आ सकता है। ऐसे में अब युद्ध के कारण निर्यात घटने और व्यापार घाटा बढ़ने की नई चुनौती के मद्देनजर भारत द्वारा निर्यात बढ़ाने व व्यापार घाटा नियंत्रित रखने को रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ना जरूरी है। इसके मद्देनजर चार महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना होगा। पहला, भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए गए द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत तेजी से कारोबार और निर्यात बढ़ाने के लिए रणनीतिक कदम आगे बढ़ाना। दूसरा, व्यापार समझौतों का पूरा लाभ उठाने के लिए देश में गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और नए सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना। तीसरा, निर्यात के नए बाजारों में प्रवेश करना। चौथा, आगामी वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए हाल में पेश केंद्रीय बजट के तहत घोषित निर्यात प्रोत्साहनों के क्रियान्वयन पर नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत से ही ध्यान दिया जाना। गौरतलब है कि भारत द्वारा कई देशों के साथ जो एफटीए किए गए हैं उन्हें शीघ्रता से क्रियान्वयन की डगर पर आगे बढ़ाना होगा। इनमें 27 जनवरी को भारत–यूरोपीय संघ (ईयू) के शिखर सम्मेलन के दौरान घोषित एफटीए सबसे महत्वपूर्ण है। यह एफटीए दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का शानदार उदाहरण है और भारत के लिए अत्यधिक लाभप्रद है। इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी यानी मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स कहते हुए रेखांकित किया गया है कि दुनिया के वर्तमान 'ग्रोथ सेंटर' और इस सदी के आर्थिक पॉवर हाउस भारत के साथ यह एफटीए यूरोप को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते आर्थिक क्षेत्रों में पहली बढ़त दिलाएगा। पिछले वर्ष 2025 में भारत द्वारा ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ किए गए एफटीए का वर्ष 2026 में कार्यान्वयन अहम होगा। इन सबके साथ–साथ मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। साथ ही इस वर्ष पेरू, चिली, आसियान, मैक्सिको, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इस्राइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी नए एफटीए को आकार देने की पहल की जानी होगी। ईरान और इस्राइल–अमेरिका युद्ध के बीच भारत से निर्यात बढ़ाना कोई सरल काम नहीं। ऐसे में भारत द्वारा निर्यात बढ़ाने के लिए चिन्हित किए गए करीब 200 देशों में निर्यात की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। एक फरवरी को वित्तमंत्री द्वारा पेश केंद्रीय बजट 2026–27 में विनिर्माण, वस्त्र, चमड़ा और समुद्री भोजन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्यात बढ़ाने के लिए जो कई रणनीतिक उपाय किए गए हैं, उन पर नए वित्तीय वर्ष में शुरुआत से ध्यान देना होगा। निःसंदेह, इस समय वैश्विक व्यापार और वैश्विक निर्यात में कमी की चुनौतियां सामने खड़ी है, तब भारत से निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर निर्यातकों की दिक्कतों को कम करना होगा। ये दिक्कतें केवल शुल्क वृद्धि तक सीमित नहीं वरन एंटी–डंपिंग शुल्क से भी संबंधित हैं। घरेलू कच्चे माल की ऊंची लागत और ईंधन की उच्च कीमतों के कारण भी भारत द्वारा निर्यात किए जाने वाले उत्पाद वैश्विक स्तर से करीब 15–20 फीसदी की अधिक लागत पर दिखाई देते हैं। निर्यात बढ़ाने के लिए राज्यों में मान्यताप्राप्त आधुनिक प्रयोगशालाएं भी जरूरी हैं।

# बाहरी चमक–दमक में सिसकता अमेरिकी समाज

**यों तो फिल्मों के बारे में भी यह कह सकते हैं। फिल्में भी अपने समय की साक्षी होती हैं। अमेरिकी जीवन में कितनी मारामारी है, इसे हश्लीवुड की फिल्में खूब दिखाती हैं। लेकिन फिल्म के मुकाबले किताब का असर ज्यादा होता है। किताबों से जो दृश्य लगातार आपके मन में बनते हैं, वे गहरा प्रभाव छोड़ते हैं। इसीलिए दृश्य माध्यम चाहे भुला दिए जाएं, किताबों का असर बहुत दिनों तक रहता है। इन दिनों ...**

अमेरिका ने चतुराई से अपनी कैसी छवि बनाई है कि हम उसे इस धरती का स्वर्ग मानने लगे हैं, जबकि यदि नर्क जैसी कोई जगह होती हो, तो यह देश उससे भी बड़ा है। दुनियाभर में दरोगाई करके अमेरिका ने जितने अत्याचार किए हैं और कर रहा है, उसकी मिसाल मिलना दुर्लभ है। हाल ही में अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने ट्रंप के मनमाने तरीके से टैरिफ लगाने के फैसले को पलटा। बदले में वहां के न्यायाधीशों को लेकर ट्रंप ने गाली–गलौज की भाषा का इस्तेमाल किया, उससे यही पता चलता है कि उनकी आस्था लोकतांत्रिक मूल्यों में कतई नहीं है। बल्कि जिस तरह के बयान वे लगातार दे रहे हैं, वे भी बताते हैं कि उन्हें किसी की परवाह नहीं है। उनकी ऐसी बातें सुनकर अनेक ऐसी कहानियां याद आती हैं, जहां कोई राजा–महाराजा अपने को अमर समझता था और दुर्दिनों को प्राप्त होता था। अमेरिका में इन दिनों उन लोगों की बाढ़ आई हुई है, जो सड़कों पर उतरे हुए हैं। वे भारतीयों को तरह–तरह से प्रताड़ित कर रहे हैं। नफरती बयान दे रहे हैं। उनके पूजा स्थलों को निशाना बना रहे हैं। जिस तरह से वेनेजुएला के राष्ट्रपति को उठाया और दुनिया के अधिकांश देशों ने चुप्पी साध ली, वह तुलसीदास जी की सैकड़ों वर्ष पहले लिखी बात को सच साबित करता है 'समरथ को नहिं दोष गुसाईं'। लेकिन कोई भी सामर्थ्यवान हमेशा समर्थ नहीं रहता। यह भी याद रखना चाहिए।




पूरी दुनिया के युवा जिन्हें जेनरेशन जी के नाम से पुकारा जाता है, वे अमेरिका को किसी ड्रीम कंट्री की तरह देखते रहे हैं। भारत में भी बच्चे की सफलता इस बात से तय मानी जाती है कि वह अमेरिका गया कि नहीं। लेकिन अब ये सपने टूट रहे हैं। वहां के विश्वविद्यालयों में भारतीय छात्रों का एनरोलमेंट लगातार गिर रहा है। अमेरिका बस श्वेत अमेरिकियों के लिए है, ये भावना वहां सिर उठा रही है। इसलिए बाहर के बच्चे वहां जाने से बच रहे हैं। अमेरिका की आबादी मात्र चौंतीस–पैंतीस करोड़ है। लेकिन अपराधों का आंकड़ा बहुत बड़ा है। स्त्रियों के प्रति अपराध बड़ी संख्या में होते हैं। आबादी के मुकाबले दुगुने हथियार हैं। ये सरे बाजार मिलते हैं। बच्चे ड्रग्स की चपेट में हैं। ड्रग्स खुले बाजार में मिलती हैं और बच्चे भी इन्हें खरीद सकते हैं। उन्हें कोई रोक भी नहीं सकता। यदि कोई रोके, तो इसे बच्चों के अधिकारों के खिलाफ माना जाता है।

हाल ही में पेंग्विन में छपे तीन उपन्यासों को पढ़ा था। ये हैंकृब्वॉयफ्रेंड, झूठ मत बोलो और हादसा। इसकी लेखिका फ्रीडा मैकफेडन हैं। फ्रीडा पेशे से दिमाग की चोटों की एक्सपर्ट डाक्टर हैं। लेकिन क्राइम थ्रिलर और कामेडी भी लिखती हैं। अब तक उनकी रचनाओं के विश्व की चालीस भाषाओं में अनुवाद हो चुके हैं। इन उपन्यासों को पढ़ते हुए लगा कि वे अमेरिका के जीवन को कितनी नजदीक से जानती हैं। तीनों के तीनों उपन्यास ऐसे हैं, जिनसे पता लगता है कि वहां के समाज में आप किसी पर विश्वास नहीं कर सकते। भाई–बहन पर नहीं, बहन भाई पर नहीं। पति–पत्नी पर नहीं, पत्नी पति पर नहीं। मरीज डाक्टर पर नहीं, और डाक्टर मरीज पर नहीं। इनमें से अधिकतर अपने आसपास वालों की हत्या कर देते हैं। गाड़ी के ब्रेक खराब कर देते हैं। इनकी लाशों को घरों के तहखानों में डाल दिया जाता है। वे वहां सड़ जाती हैं। या किसी जंगल में जाकर गाड़ दिया जाता है।

बच्चे की चाह में किसी महिला को मदद के बहाने अपने घर के तहखाने में रख दिया जाता है। एक लड़की का एक्सीडेंट होता है। गाड़ी बर्फ में फंस जाती है। उसे एक आदमी अपने घर लाता है। लड़की गर्भवती है। घर की निःसंतान महिला को लगता है कि यदि यह लड़की बच्चे को यहां जन्म दे दे, तो वह बच्चे को हड़प लेगी और इस लड़की को ठिकाने लगा देगी। मगर उसका पति एक दिन उसकी अनुपस्थिति में उस लड़की को अस्पताल में छोड़ आता है। वहां लड़की का सगा भाई उसे मारने की कोशिश करता है। पहले भी वह लड़की के कार के ब्रेक खराब कर चुका है, क्योंकि वह उस आदमी से मिला हुआ है, जो लड़की का दुष्कर्मी है।

ये पढ़ते–पढ़ते आप थरथराने लगते हैं कि ये कैसा समाज है। जहां हर कोई बस दूसरे की जान लेने की कोशिश में है। रिश्तों की कोई मर्यादा भी नहीं। अपने देश में होने वाली ऐसी बहुत–सी घटनाएं याद आने लगती हैं। अमेरिका तो कहता है कि वह पूरे विश्व का ठेकेदार है, लेकिन अपने यहां के अपराध नहीं रोके जाते। इन उपन्यासों में पुलिस बुलाते ही आ भी जाती है, लेकिन अधिकांश बार वह न तो अपराधी को पकड़ पाती है, न ही लाश को ढूंढ़ पाती है। और सबसे बड़ी बात ये कि अपराधी खूब मजे से, सारी सुविधाओं का लाभ उठाते हुए जीवन जीते हैं। पार्टी करते हैं। एक घर में रहते हुए भी वे एक–दूसरे को धोखा देते रहते हैं। उन्हें कोई पछतावा भी नहीं होता। यहां घर बहुत बड़े–बड़े हैं। दूर–दूर तक कोई अड़ोसी–पड़ोसी भी नजर नहीं आता। ऐसे में लगता है कि कोई अपराध हो तो उसकी सूचना भी कैसे दी जाए। इसीलिए लोग अपने घरों में अलार्म सिस्टम लगवाते हैं। न्यूयार्क जिसे अमेरिका की आर्थिक राजधानी कहा जाता है, वहां एक नहीं कई–कई ताले लगाए जाते हैं, लेकिन ताले या अलार्म सिस्टम अपराधों को नहीं रोक पाते। फिर वे अपराध रुकें भी कैसे, जिन्हें अपने ही अंजाम दे रहे हैं। इन्हें पढ़ते हुए सोचती रही कि बाहरी देशों में अमेरिका ने चतुराई से अपनी कैसी छवि बनाई है कि हम उसे इस धरती का स्वर्ग मानने लगे हैं, जबकि यदि नर्क जैसी कोई जगह होती हो, तो यह देश उससे भी बड़ा है। दुनियाभर में दरोगाई करके अमेरिका ने जितने अत्याचार किए हैं और कर रहा है, उसकी मिसाल मिलना दुर्लभ है।




# बाबर आजम हुए टीम से बाहर, खराब प्रदर्शन के कारण बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में नहीं मिला मौका

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पूरी पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन निराशानजक है। जिसके बाद पूरी टीम पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारी भरकम जुर्माना लगाया है। वहीं इस टूर्नामेंट में पाक टीम के साथ बाबर आजम खान का भी फ्लॉप प्रदर्शन नजर आया। जिसके बाद टीम से उनकी छुट्टी हो गई है। बाबर ने पूरे टूर्नामेंट के 6 मैचों में महज 91 रन ही बनाए।




बता दें कि, बाबर आजम को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली अगली वनडे सीरीज के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को बांग्लादेश वनडे सीरी के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस सीरीज के लिए तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को कप्तान बनाया गया है। हालांकि, गौर करने वाली बात ये है कि शाहीन ने भी टी20 वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। उन्होंने 5 मैचों की 5 पारियों में 8 विकेट चटकाए। जिसमें उनका बेस्ट 4\30 का है। हालांकि, उनकी इकॉनमी बहुत खराब 10.52 की रही।

बता दें कि, तीन मैचों की वनडे सीरीज 11 से 15 मार्च के बीच खेली जाएघी। तीनों ही मुकाबले ढाका के शेरे बंग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला मैच 11 मार्च को होगा। फिर दूसरा वनडे 13 मार्च, तीसरा और आखिरी 50 ओवर मुकाबला 15 मार्च को होगा।

# अर्जुन और सानिया के बीच उम्र का है फासला, जानें तेंदुलकर परिवार की बहु के बारे में सबकुछ

भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन



तेंदुलकर शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। सोशल मीडिया पर इस जोड़ी की मेहंदी सेरेमनी के वीडियो वायरल हो रहे हैं। इस दौरान इस कपल की उम्र और उनकी प्रेम कहानी को लेकर काफी चर्चा हो रही है। अक्सर सेलिब्रिटी शादियों में उम्र महज एक नंबर होती है। उम्र के अंतर को लेकर काफी उत्सुकता भी फैंस के बीच रहती है। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार अर्जुन तेंदुलकर का जन्म 24 सितंबर 1999 को हुआ था और वर्तमान में उनकी उम्र 25 वर्ष है। जबकि सानिया चंडोक का जन्म 23 जून 1998 को हुआ था। इस लिहाज से सानिया अर्जुन से एक साल बड़ी हैं जो कि आज के समय में आम है।

फिलहाल बता दें कि, तेंदुलकर परिवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर पीएम मोदी तक को शादी का न्योता दिया है। फरवरी के महीने में सचिन तेंदुलकर ने खुद सोशल मीडिया के जरिए अर्जुन की शादी की पुष्टि की थी।

सानिया की शुरुआती पढ़ाई मुंबई के सबसे प्रतिष्ठित स्कूलों में हुई, जिसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए विदेश का रुख किया। उन्होंने दुनिया के सबसे बेहतरीन संस्थानों में शुमार लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स सेबिजनेस मैनेजमेंट में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की है। दिग्गज व्यवसायी रवि घई की पोती होने के नाते सानिया के पास बिजनेस की विरासत तो है ही लेकिन उनकी शिक्षा और वेटेनरी साइंस में उनकी रुचि उन्हें एक आधुनिक और मल्टी टैलेंटेड पर्सनैलिटी बनाती है।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में पहुंचा न्यूजीलैंड, चोकर्स का टैग नहीं हटा पाई साउथ अफ्रीका

कोलकाता के ईडन गार्डन्स में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल खेला गया। जिसे न्यूजीलैंड ने 9 विकेट से अपने नाम कर फाइनल में एंट्री कर ली




है। जबकि साउथ अफ्रीकी टीम चोकर्स का दाग हटाने में असफल रही है। इस मैच में बॉलिंग से लेकर बैटिंग तक न्यूजीलैंड ने पूरी तरह साउथ अफ्रीका को तहस–नहस कर दिया। इस दौरान फिन एलेन ने महज 33 गेंदों में नाबाद शतक ठोका जो कि टी20 वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे तेज सेंचुरी है। न्यूजीलैंड की जीत में अहम भूमिका ओपनर फिन एलेन और टिम साइफर्ट निभाई।

दोनों ने पहले विकेट के लिए 117रन जोड़े। साइफर्ट ने 33 गेंदो में 58 रनों की पारी खेली। लेकिन फिन एलेन ने महज 33 गेंदों में शतक ठोक दिया। एलेन ने अपनी इस पारी में 8 छक्के और 10 चौके लगाए। इस खिलाड़ी का स्ट्राइकरेट 303.03 रहा जो कि एक रिकॉर्ड है। न्यूजीलैंड ने 170 रनों का लक्ष्य सिर्फ 12.5 ओवर में ही हासिल लिया। ¬

यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 छक्के और 19 चौके लगाए और साउथ अफ्रीका की मजबूत गेंदबाजी यूनिट को उसचारों खाने चित कर दिया। वहीं अफ्रीकी टीम के लिए अपने ऊपर से चोकर्स का दाग हटाना और मुश्किल हो गया है। इस टीम ने पहले टॉस गंवाया और उसके बाद साउथ अफ्रीका के टॉप 3 बल्लेबाज भी नाकाम रहे। कप्तान मार्करम 18 रन बनाकर आउट हुए।

डिकॉक ने 10 रन ही बनाए। रिकल्टन पहली गेंद पर आउट हो गए। डेवाल्ड ब्रेविस भी महज 34 रन ही बना पाए। जबकि मार्को यानसेन ने नाबाद 55 रन की पारी खेली।

# ईरान संघर्ष से सहमी दुनिया, हमास में तनाव के बाद अब अजरबैजान पर ड्रोन से हमला

ईरान और अमेरिका–इजराइल गठबंधन के बीच संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है, लगातार छठे दिन भी प्रत्यक्ष सैन्य टकराव जारी है और तनाव कम होने के कोई तत्काल संकेत नहीं दिख रहे हैं। ईरान पर अमेरिकी–इजराइली हमलों में मरने वालों की संख्या पांच दिनों में 1,000 से अधिक हो गई है, जबकि लेबनान में लगभग 60 लोग, इजराइल में लगभग एक दर्जन लोग मारे गए हैं और छह अमेरिकी सैनिक भी शहीद हुए हैं। इजराइल ने ईरानी ठिकानों पर नए हमले किए और लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हवाई हमले तेज कर दिए, जिनमें बेरूत और उसके आसपास के इलाके भी शामिल हैं। ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में इजराइली और अमेरिकी हितों पर जवाबी हमले किए। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक इराकी–कुर्द राजनीतिक नेता से बातचीत के दौरान इराक के साथ ईरान की सीमा पर संभावित आतंकवादी गतिविधियों की चेतावनी दी। इस बीच, समुद्र में संघर्ष और बढ़ गया है, अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि एक अमेरिकी पनडुब्बी ने



अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया है। इजराइल ने लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह पर भी हमला किया, जबकि ईरान ने बहरीन, कुवैत और इजराइल को निशाना बनाकर हमले किए। तुर्की ने कहा कि नाटो की रक्षा प्रणाली ने ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल को तुर्की के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही रोक दिया। बढ़ती हिंसा ने वैश्विक बाजारों को हिलाकर रख दिया है।

ईरान के हमलों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में यातायात बाधित होने से तेल की कीमतों में उछाल आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है। दुनिया भर के शेयर बाजारों में ऊर्जा की बढ़ती लागत से वैश्विक अर्थव्यवस्था के धीमा होने की आशंकाओं का असर पड़ा है, हालांकि बुधवार को बाजार खुलने पर अमेरिकी शेयर अपेक्षाकृत स्थिर दिखे।

अजरबैजान ने गुरुवार को हवाई अड्डे और एक स्कूल के पास ड्रोन हमलों में दो लोगों के घायल होने के बाद ईरानी राजदूत को तलब किया। अजरबैजान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा हम ईरान के क्षेत्र से किए गए इन ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप हवाई अड्डे की इमारत को नुकसान पहुंचा और दो नागरिक घायल हुए।

# मोदी अलग किस्म के नेता हैं...कनाडा के पीएम मार्क कार्नी हुए कायल

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी को एक अनोखा व्यक्ति बताया और प्रधानमंत्री की सप्ताहांत की दिनचर्या के बारे में मजाक किया। कार्नी ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में लोवी इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित एक सेमिनार में भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई अपनी बातचीत के बारे में बात कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी के बारे में पूछे जाने पर कार्नी ने कहा कि ये व्यक्ति अद्वितीय हैं। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्षों में एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली है। प्रधानमंत्री मोदी के राजनीतिक नेता के रूप में अटूट समर्पण का जिक्र करते हुए कार्नी ने अपने कनाडाई मंत्री, फ्रांस्वा–फिलिप शैम्पेन से मजाक किया।

कार्नी ने मजाक में कहा कि उन्होंने एक दिन की भी छुट्टी नहीं ली है। हर सप्ताहांत, आपकी तरह, फ्रांस्वा–फिलिप, वे चुनाव प्रचार में निकल जाते हैं। उनकी रैलियों में 250,000



लोग आते हैं, आपकी रैलियों में 25, लेकिन कोई बात नहीं। यह सुनकर सेमिनार में मौजूद लोग हंस पड़े। कनाडा के प्रधानमंत्री ने मोदी की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे ग्रामीण आबादी की जरूरतों को पूरा करने पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने यूपीआई को देश की भुगतान प्रणाली में एक महत्वपूर्ण बदलाव बताते हुए इसे प्रधानमंत्री मोदी प्रशासन की एक अहम उपलब्धि बताया। उन्होंने मुझे एक ऐसा नुस्खा बताया जिसे हर कोई अपनाएगा, और वो ये है कि वो वितरण पर बहुत ध्यान केंद्रित करते हैं। कार्नी ने कहा कि मैं इसे ग्रामीण परिवारों तक वितरण कहूंगा... इसलिए वित्तीय सुधार, भुगतान प्रणाली में बदलाव, यूपीआई और अन्य चीजों के पीछे एक बड़ा मकसद था, यानी बिना किसी लीकेज के, सीधे व्यक्तियों तक पैसा पहुंचाना, वो भी वास्तविक समय में। और करोड़ों लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में लाना। और वो वितरण के इस पहलू पर बहुत ध्यान केंद्रित करते हैं।

इस महीने की शुरुआत में, कार्नी चार दिवसीय भारत दौरे पर थे। यह दौरा ओटावा द्वारा उन संबंधों को फिर से मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा था जो 2023 में तब निचले स्तर पर पहुंच गए थे जब कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि भारतीय सरकारी एजेंट खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े थे। द्विपक्षीय बैठक के बाद, प्रधानमंत्री मोदी और मार्क कार्नी ने महत्वपूर्ण खनिजों और यूरेनियम अयस्क की आपूर्ति पर समझौतों को अंतिम रूप दिया और मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप दिया। महत्वपूर्ण खनिजों पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अलावा, भारत के परमाणु ऊर्जा विभाग और कनाडा की कैमेको, जो दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध यूरेनियम कंपनियों में से एक है, ने 2027–2035 के दौरान 22 मिलियन पाउंड यूरेनियम अयस्क की आपूर्ति के लिए 2.6 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए, जैसा कि एचटी ने पहले बताया था।

# अमेरिका–भारत दोस्ती दान नहीं, Mutual Interest है, Raisina Dialogue में Christopher Landau का बड़ा बयान

अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ ने गुरुवार को अमेरिका–भारत साझेदारी की रणनीतिक गहराई पर जोर देते हुए वर्तमान समय को द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक नाजुक क्षण बताया। रायसीना संवाद के शक्ति, उद्देश्य और साझेदारीः एक नए युग में अमेरिकी विदेश नीति शीर्षक वाले प्रारंभिक सत्र में लैंडौ ने ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में उपस्थित होकर मैं अत्यंत सम्मानित महसूस कर रहा हूं और मैं ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और निश्चित रूप से भारत सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। इस प्रकार के संवाद करना और उन्हें आगे बढ़ाना महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से अमेरिका–भारत संबंधों के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर। ट्रम्प प्रशासन के व्यापक दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए, लैंडौ ने अमेरिका फर्स्ट सिद्धांत और वैश्विक गठबंधनों पर इसके अनुप्रयोग को स्पष्ट करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मैंने सोचा कि मैं ट्रम्प प्रशासन में हमारी विदेश नीति के दृष्टिकोण के बारे में सामान्य रूप से थोड़ा बात करूंगा और फिर विशेष रूप




से अमेरिका–भारत संबंधों पर ध्यान केंद्रित करूंगा, जो मेरे द्वारा व्यापक प्रस्तुति में बताए गए कुछ बिंदुओं का उदाहरण होगा। प्रशासन के रुख के बारे में आम गलतफहमियों को दूर करते हुए, उन्होंने कहा कि अमेरिका फर्स्ट का मतलब स्पष्ट रूप से अमेरिका अकेला नहीं है, क्योंकि इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के तरीकों में से एक अन्य देशों के साथ सहयोग करना है। लैंडौ ने आगे स्पष्ट किया कि प्रशासन राष्ट्रीय हित को संप्रभु राज्यों के बीच एक साझा सिद्धांत के रूप में देखता है। इसलिए जिस तरह राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका को फिर से महान बनाना चाहते हैं, उसी तरह वे भारत के प्रधानमंत्री या अन्य नेताओं से भी अपने देशों को फिर से महान बनाने की यही इच्छा रखने की उम्मीद करेंगे। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने विश्व मंच पर भारत के अपरिहार्य उदय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान युग की वैश्विक दिशा नई दिल्ली से अंतर्निहित रूप से जुड़ी हुई है। लैंडौ ने कहा, ष्मुझे लगता है कि एक बात निर्विवाद है कि यह सदी कई मायनों में एक ऐसी सदी होगी जिसमें हम भारत के उदय को देखने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह साझेदारी परोपकार के बजाय पारस्परिक लाभ से प्रेरित है, और भारत की विश्व की सबसे अधिक आबादी वाले देश होने और अपार मानवीय और आर्थिक क्षमता का हवाला दिया। उन्होंने आगे कहा कि यह हमारे हित में है, और हमें लगता है कि यह भारत के हित में भी है कि हम साझेदारी करें। यह देश अपनी अपार संभावनाओं से परिपूर्ण है। यह वर्तमान में विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। इसके पास अविश्वसनीय आर्थिक, मानवीय और अन्य संसाधान हैं जो इसे इस सदी के भविष्य का निर्धारण करने वाले देशों में से एक बनाते हैं। इस गठबंधन के प्रति संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, लैंडौ ने कहा कि वाशिंगटन भारत के साथ कई ष्हितकारी स्थितियांष देखता है। उन्होंने कहा, ष्मैं 21वीं सदी में दुनिया भर में भारत के महत्व को रेखांकित करना चाहता हूं, ताकि हम यह देख सकें कि हम वास्तव में किन संबंधों को विकसित करना चाहते हैं। और फिर से, मैं यहां सामाजिक कार्य या दान करने नहीं आया हूं। मैं यहां इसलिए आया हूं क्योंकि यह हमारे देश के हित में है, और हम मानते हैं कि हमारी साझेदारी को और गहरा करना भारत के हित में है।

# फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब भारत के मुरीद, बोले– दुनिया को Indian Foreign Policy से सीखना चाहिए

फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने गुरुवार को वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते प्रभाव की जमकर प्रशंसा की और कहा कि दुनिया भारत की व्यावहारिक विदेश नीति से बहुत कुछ सीख सकती है। द्विपक्षीय बैठक के बाद राष्ट्रीय राजधानी के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए स्टब ने कहा कि हम सभी को थोड़ा और भारतीय बनना चाहिए। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में स्टब की व्यक्तिगत उपलब्धियों की सराहना करते हुए 57 वर्षीय स्टब की आयरनमैन प्रतियोगिताओं में भागीदारी को प्रेरणादायक बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपने आयरनमैन ट्रायथलॉन पूरा किया है। हमें विश्वास है कि आप जैसे ऊर्जावान नेता के साथ, हम भारत और फिनलैंड के बीच नवाचार, डिजिटल और स्थिरता की एक नई ट्रायथलॉन भी हासिल करेंगे।

आयरनमैन ट्रायथलॉन एक प्रमुख, एक दिवसीय सहनशक्ति दौड़ है जिसमें 3.86 किमी तैराकी, 180.2 किमी साइकिल चलाना और 26.2 मील (42.2 किमी) मैराथन दौड़ शामिल है, जो लगातार पूरी की जाती है। वर्ल्ड ट्रायथलॉन कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित, इसे दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में से एक माना जाता है, जिसकी समय सीमा 17 घंटे है। स्टब ने अपने आयु वर्ग में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जिसमें 2023 आयरनमैन 70.3 विश्व चौंपियनशिप में 55–59



आयु वर्ग में 15वां स्थान शामिल है। इस बीच, आज प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने संयुक्त संबोधन में, स्टब ने भारत को दुनिया के सबसे प्रभावशाली देशों में से एक और यूरोप के लिए एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार बताया। स्टब ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्रभावशाली देशों में से एक है और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। जैसा कि हमने देखा है, आप अब यूरोप के लिए एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार हैं। विदेश और सुरक्षा नीति और व्यापार नीति में इसके महत्व को कम करके आंकना मुशिकल है। आयरनमैन ट्रायथलॉन एक प्रमुख, एक दिवसीय सहनशक्ति दौड़ है जिसमें 3.86 किमी तैराकी, 180.2 किमी साइकिल चलाना और 26.2 मील (42.2 किमी) मैराथन दौड़ शामिल है, जो लगातार पूरी की जाती हैं। वर्ल्ड ट्रायथलॉन कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित, इसे दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में से एक माना जाता है, जिसकी समय सीमा 17 घंटे है। स्टब ने आयु वर्ग में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जिसमें 2023 आयरनमैन 70.3 विश्व चौंपियनशिप में 55–59 आयु वर्ग में 15वां स्थान शामिल है। इस बीच, आज प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने संयुक्त संबोधन में, स्टब ने भारत को दुनिया के सबसे प्रभावशाली देशों में से एक और यूरोप के लिए एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार बताया। स्टब ने कहा, ष्भारत दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्रभावशाली देशों में से एक है और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। जैसा कि हमने देखा है, आप अब यूरोप के लिए एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार हैं। विदेश और सुरक्षा नीति और व्यापार नीति में इसके महत्व को कम करके आंकना मुश्किल है।

# एसपी ने होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत शहर क्षेत्र में भ्रमण कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु दिए गए कड़े निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

**गोन्डा।** गोन्डा जनपद में होली पर्व/रंगोत्सव एवं पवित्र रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एसपी विनीत जायसवाल द्वारा शहर क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा नगर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, भीड़–भाड़ वाले बाजारों,संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों तथा मुख्य मार्गों का निरीक्षण कर ड्यूटीरत पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं यातायात प्रबंधन की समीक्षा की गई। महोदय द्वारा ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पर्व के दौरान पूर्ण सतर्कता एवं सजगता बनाए रखें, किसी भी प्रकार की हुड़दंग, जबरन रंग लगाने,नशे की हालत में वाहन चलाने,तेज रफ्तार बाइक स्टंट,छेड़छाड़ अथवा असामाजिक तत्वों की



गतिविधियों पर तत्काल प्रभावी एवं विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।पीआरवी,मोबाइल पुलिस टीम एवं पैदल गश्त निरंतर सक्रिय रहे तथा किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करें।एसपी द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई कि होली/रंगोत्सव एवं रमजान माह के पावन अवसर पर आपसी भाईचारे,सौहार्द एवं परस्पर सम्मान की भावना के साथ पर्व मनाएं।किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम थाना अथवा पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर दें।जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा पर्वों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल,महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती, ड्रोन/सीसीटीवी निगरानी, यातायात व्यवस्था का सुदृढ़ प्रबंधन एवं निरंतर गश्त की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जनपद पुलिस सभी नागरिकों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।एसपी ने सम्बन्धित अधिकारियों को सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने, भ्रामक/आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने अथवा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी निगरानी रखते हुए सख्त वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। साइबर सेल एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम को विशेष रूप से सक्रिय रहने हेतु निर्देशित किया गया है।

# पासपोर्ट सेवा केंद्र गोन्डा का निरीक्षण कर क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने दिये आवेदकों के सुविधाओ के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

**गोन्डा।** गोन्डा जनपद के प्रधान डाकघर में स्थित डाकघर




पासपोर्ट सेवा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शुभम सिंह।शुभम सिंह (आईएफएस 2013) लखनऊ में वर्तमान क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी हैं, जिन्होंने अप्रैल 2024 में यह पदभार ग्रहण किया।विदेश मंत्रालय के कार्यालय में कार्यरत रहते हुए,वे पासपोर्ट सेवाओं का सक्रिय रूप से प्रबंधन करते हैं, ‘अपने आरपीओ से मिलें’ सत्र आयोजित करते हैं और क्षेत्र के पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके) का निरीक्षण करते हैं।इस क्रम डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र गोन्डा पर निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शुभम सिंह ने कई खामियों पर नजर डाली और सम्बन्धित को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिये।तेज़ तर्रार क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शुभम सिंह ने कहा कि डाक घर पासपोर्ट सेवा केंद्र में 90 आवेदन प्रतिदिन हो रहा है, इस कारण पासपोर्ट सेवा केंद्र पर आवेदकों की संख्या बढ़ने से आवेदकों को थोड़ी परेशानी हो रही है जिसका निस्तारण जल्द हो जाएगा।वहीं कार्यालय के सुचारु संचालन, सौंदर्यीकरण तथा नागरिकों को अधिक सुगम और जन–केंद्रित सेवाएँ प्रदान करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए,जिनके सकारात्मक परिणाम शीघ्र ही दिखाई देंगे। आवेदकों के सभी सुविधाओं का ध्यान रखते हुए पीआरओ को कई महत्वपूर्ण बातें नोट कराते हुए बताया कि गोन्डा संसदीय क्षेत्र के विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैय्या का गृह क्षेत्र का केन्द्र है जहां आवेदक को अत्यधिक पासपोर्ट सम्बंधित जानकारी और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# स्कूल से लाखों की चोरी,अज्ञात चोरो के खिलाफ दिया शिकायत

दैनिक बुद्ध का संदेश

**गोन्डा।** गोन्डा जनपद के थाना कटरा बाजार क्षेत्र के गांव व मौजा गोड़वा स्थित पारसनाथ तिवारी एजुकेशनल एकेडमी में 1–2 मार्च 2026 की रात अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने स्कूल के मुख्य गेट का ताला तोड़कर कार्यालय में प्रवेश किया और वहां रखे कीमती उपकरण व जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गए।स्कूल के प्रबंधक त्रिभुवन दत्त तिवारी पुत्र पारसनाथ तिवारी निवासी गोड़वा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार सुबह करीब 9रू30 बजे जब वह स्कूल पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला।अंदर जाकर देखा तो कार्यालय का ताला भी टूटा था और स्टेबलाइजर, हार्डडिस्क, डीवीआर, यूपीएस तथा सीसीटीवी कैमरे के उपकरण गायब थे।इतना ही नहीं, चोरों ने लाकर का ताला तोड़कर उसमें रखे महत्वपूर्ण कागजात भी उठा ले गए।घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्कूल प्रबंधन ने आशंका जताई है कि चोरी सुनियोजित तरीके से की गई है, क्योंकि सीसीटीवी से जुड़े उपकरण भी साथ ले जाए गए हैं।उन्होंने थाना कटरा बाजार में तहरीर देकर मामले की जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

# वृद्धजनों को गुझिया,बच्चों को अल्पाहार वितरित कर आयुक्त ने बांटी होली की खुशियां

दैनिक बुद्ध का संदेश

**गोन्डा।** होली के पावन पर्व पर देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अपनी धर्मपत्नी गरिमा भूषण एवं सुपुत्र के साथ वन स्टॉप सेंटर, वृद्धाश्रम तथा बाल देखरेख संस्थान पहुंचकर वहां रह रहे वृद्धजनों, महिलाओं और बच्चों के साथ होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर आयुक्त ने सभी के साथ रंग–गुलाल खेलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं और आत्मीयता के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं।आयुक्त सबसे पहले वृद्धाश्रम पहुंचे,जहां उन्होंने वहां रह रहे वृद्धजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से वृद्धजनों को गुझिया खिलाई और रंग लगाकर होली की बधाई दी।आयुक्त के इस स्नेहपूर्ण



व्यवहार से वृद्धजन भावुक हो उठे और उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।इसके बाद आयुक्त बाल देखरेख संस्थान पहुंचे,जहां उन्होंने बच्चों के साथ भी होली का त्योहार मनाया।बच्चों ने आयुक्त और उनके परिवार का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।इस अवसर पर आयुक्त ने बच्चों को अल्पाहार वितरित किया तथा रंग–गुलाल लगाकर उनके साथ होली की खुशियां बांटी।बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ त्योहार का आनंद लिया और परिसर में उल्लास का माहौल बना रहा।आयुक्त ने वन स्टॉप सेंटर पहुंचकर वहां रह रही महिलाओं से भी मुलाकात की और उनके साथ होली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने महिलाओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।आयुक्त ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम,भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमें सभी भेदभाव भूलकर एक–दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का संदेश देता है।कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर प्रेम,सौहार्द और उल्लास के साथ होली का पर्व मनाया।

# संदिग्ध हालात में कुएं में मिला युवक का शव

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बहराइच।** जनपद के भगडवा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव कुएं में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। बताया जा रहा है कि मृतक युवक की गुमशुदगी 3 मार्च को कटरा में दर्ज कराई गई थी। परिजनों द्वारा लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। गुरुवार को हुजूरपुर थाना क्षेत्र के भगडवा गांव स्थित एक कुएं में युवक का शव दिखाई देने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को



बाहर निकलवाकर कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। वहीं घटना के बाद से क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# राज्य महिला आयोग सदस्य का जनपद में भ्रमण कार्यक्रम 8 व 9 मार्च को

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राज्य महिला आयोग उ0प्र0 सदस्य सुनीता श्रीवास्तव का जनपद सोनभद्र में भ्रमण कार्यक्रम 8 व 9 मार्च,2026 को निर्धारित है। सदस्य का आगमन 8 मार्च,2026 का सायं 05.00 बजे रेनुकूट के गेस्ट हाउस में होगा। 9 मार्च,2026 को प्रातः 09.00 बजे ज्वाला देवी मन्दिर शक्तिनगर मंदिर में दर्शन पूजन करेंगीं, इसके बाद जनपद बलिया के लिए रवाना होंगी।

# रंगों की होली त्यौहार दुद्धी कस्बे में सकुशल संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

दुद्धी/सोनभद्र। बुधवार को रंगों का पर्व होली पूरे उत्साह और




पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह से ही गलियां रंग और अबीर–गुलाल से सराबोर दिखीं। युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों की टोलियों ने ढोल–मंजीरा और होली गीतों के साथ एक–दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं। यहां परंपरा अनुसार ‘धूल उड़ाने’ की रस्म अदा की गई। इस दौरान लोगों ने एक–दूसरे के गले लगकर होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इसके बाद रंगों का असली उत्सव शुरू हुआ। युवाओं ने कहीं ‘कपड़ा फाड़ होली’ खेली तो कहीं डीजे की धुन पर जमकर नाच–गाना हुआ। संकट मोचन मंदिर के पास युवाओं और किशोरों की टोलियां फिल्मी और भोजपुरी गीतों पर थिरकती दिखीं। मां काली मंदिर तिराहा के पास किसी बात को लेकर नाबालिग बच्चों के होली खेलने के दौरान पुलिस से नोक झोक हो गई जिस पर परिजन भी सड़क पर उतर गया लेकिन प्रभारी निरीक्षक के सूझबूझ को समझने के दौरान मामला सांत हुआ, होली त्यौहार के दौरान दूधी तहसील मुख्यालय के आसपास के क्षेत्रीय गांव में भी होली सकुशल संपन्न हुआ एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया, करीब डेढ़ बजे तक रंगों की मस्ती चरम पर रही, जिसके बाद लोग अपने–अपने घरों को लौटने लगे। दोपहर डेढ़ बजे के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कस्बे की मस्जिद में नमाज अदा की। सबसे महत्वपूर्ण बात रहेगी इस बार होली के दौरान दरमियां ज्यादा दुर्घटनाएं क्षेत्र में घटित नहीं हुई केवल एक दुर्घटना सुबह लगभग 10रू00 बजे एचडीएफसी बैंक के सामने हुई जिसमें दो बाइक सवार आमने–सामने टकरा गए और एक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया , इसके अलावा होली त्यौहार पर कहीं भी बड़ी दुर्घटना नहीं हुई शांति पूर्वक त्यौहार संपन्न हुआ, लोगों ने त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय सिंह महिला थाना अध्यक्ष संतु सरोज , कस्बा प्रभारी हरिकेश आजाद,उप निरीक्षक श्याम जी सिंह मिट्ठू राजभर,के नेतृत्व में कई थानों की फोर्स और पीएसी मौजूद रहे। प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर लगातार पुलिस पीएससी के जवानो ने गश्त की गई।

# विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी जॉच समिति का जनपद में प्रस्तावित अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम 14 व 15 मार्च को

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धित जॉच समिति का जनपद सोनभद्र में प्रस्तावित अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम 14 व 15 मार्च, को निर्धारित है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धित जॉच समिति का आगमन 14 मार्च, को राबर्ट्सगंज में सायं 04 बजे होगा। 14 मार्च, को जॉच समिति द्वारा अनपरा, ओबरा में स्थलीय निरीक्षण करेंगें। इसी प्रकार से जॉच समिति द्वारा 15 मार्च, को जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगें।

# सोनभद्र सृजन दिवस व होली मिलन समारोह संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। शहीद स्थल करारी टस्ट द्वारा बुधवार को शाम एक संगोष्ठी व कवि गोष्ठी का आयोजन करारी में किया गया। शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण वाणी वंदना से आयोजन का शुभारंभ किया गया। प्रद्युम्न त्रिपाठी एडवोकेट ने जनपद सृजन दिवस पर सभी को बधाई देते हुए अपनी रचना, सर्वे भवन्तु सुखिनः मंगल हमारी कामना हो, द्वेष ईर्ष्या का दमन प्रमुदित हमारी भावना हो सुनाया तथा होली की रचना,रंग बरसै गुलाल रंग बरसै गुलाल कचौरी निअन फूलल भौजी के गाल सुनाकर वातावरण सृजित किया। संचालक अशोक तिवारी ने जनपद सृजन से जनहित की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए अपनी रचना ,तन मन मगन रहे होली में सुनाकर वाहवाही लूटी। कौशल्या कुमारी चौहान




कवयित्री, ने होली के रंग में नहाने चली हूँ, रूठे दिलों को मनाने चली हूँ।श्रृंगार की रचना पढ़ कर लोगों को भावविभोर कर दिया।गीतकार दिलीपसिंह दीपक ने अंक में लेकर रंग लगाओ फाग कबीरा होरी गाओ की प्रस्तुती से महफ़िल में चार चांद लगाये। दयानंद दयालू ने लोक भाषा में होली गीत, बरसै रंग गुलाल सजन बिन भावै न फागुन सुनाया। धर्मेश चौहान ने टीवी और वीबी हास्य रचना से लोगों को गुदगुदाया।प्रभात सिंह चंदेल ने रसिया धुन पर वीरों की होली से संदर्भित रचना, सीमा पर सैनिक खेलते होली लोहू से लिखते जयहिंद बोली सुनाकर आयोजन को राष्ट्रीयता से जोड़े सराहे गये। सुनील चौचक ने, रंग अबीर गुलाल चलत हो मुसुकत हौ भौजाई चला होली मनाईं सुनाकर वाहवाही बटोरी।सोन संगीत फाउंडेशन के सुशील मिश्रा ने साज संगीत के माध्यम से फाग व चौती गाकर लोगों को बाग बाग कर झूमने पर विबस किया। सुधाकर पांडेय स्वदेश प्रेम ने दीपचंदी होरी गाकर लोगों को समसामयिक प्रस्तुती से सराबोर किया।आयोजन की अध्यक्षता करते हुए संरक्षक रामयश त्रिपाठी के वक्तव्य के बाद आयोजन को विराम दिया गया। इस अवसर पर ठाकुर कुशवाहा फारुख अली जयशंकर त्रिपाठी एडवोकेट ऋषभ त्रिपाठी मृत्युंजय त्रिपाठी पुरुषोत्तम कुशवाहा शिव मोचन गनेश आद्या अंशिका शिखा साहित्य ममता समता बृज किशोर देव पांडेय विजय शंकर तिवारी आदि देर शाम तक जमे रहे। आभार आयोजक प्रदुम्न त्रिपाठी एडवोकेट संस्था प्रमुख ने व्यक्त किया।

# 25 साल पुराना खड़ंजा मार्ग जर्जर, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बभनी ब्लॉक के धनवार ग्राम पंचायत के चकबदरीसानी के अगरिया बस्ती को जोड़ने वाला खड़ंजा मार्ग पूरी तरह जर्जर हो गया है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी का ध्यान आ.ष्ट कराते हुए जल्द इस मार्ग निर्माण की मांग की है। बभनी विकास खण्ड के धनवार ग्राम पंचायत के चकबदरीसानी में अगरिया बस्ती में ग्राम पंचायत द्वारा खड़ंजा का निर्माण किया गया था लगभग 25 वर्ष पुर्व यह मार्ग अब जगह–जगह से टूट चुका है बरसात के दिनों में



स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। स्कूली बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।टुटे बस्ती के लोगों को मजबूर होकर टुटी सडक से ही होकर गुजरना पडता है आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। गुरुवार को ग्रामीण रामचरित,कल्लू,हरिहर, श्याम बिहारी, सुदर्शन, बलराम, महेन्द्र, राजेन्द्र प्रसाद आदि ने प्रदर्शन कर सम्बन्धित का ध्यान आ.ष्ट कराते हुए मार्ग निर्माण की मांग की है।

# अचलेश्वर महादेव मंदिर समेत क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई होली

दैनिक बुद्ध का संदेश

डाला/सोनभद्र। ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र में बुधवार को होली का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उमंग के साथ मनाया गया। सुबह होते ही रंग खेलने का सिलसिला शुरू हो गया नगर क्षेत्र के अचलेश्वर महादेव मंदिर व बाड़ी स्थित वैष्णो मंदिर समेत सूबे के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़ के आवास पर होली गीत गाने व रंग खेलने वालों की भीड़ बड़ी संख्या में उमड़ पड़ी। रंगों के इस उत्सव में सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों में दिखाई दिया जो हाथों में पिचकारी लिए एक–दूसरे पर रंगों की बौछार कर रहे थे। एक ओर जहां सड़कों व गलियों में हुड़दंग वाली होली टोली खेलते नजर आ रही थी वहीं दूसरी ओर महिलाएं घरों में पारंपरिक व्यंजन तैयार करने में व्यस्त रहीं। श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर महंत पंडित मुरली तिवारी के नेतृत्व में होली गीत गाकर



भगवान शिव से विश्व कल्याण की कामना की गई मंदिर परिसर में उपस्थित युवाओं ने जमकर पानी का बौछार कर कपड़ा फाड़ होली खेली और सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। वैष्णो मंदिर के समीप ट्रिपल एस परिवार ने अपने प्रतिष्ठान पर आस–पास के लोगों सहित विदेशी मेहमानों के साथ होली खेल कर प्रेम भाईचारे का संदेश दिया। शिवम् मिश्रा ने बताया कि इस दौरान जरूरतमंद बच्चों में पिचकारी, गुलाल और मिठाई का भी वितरण किया गया।वहीं सूबे के राज्य मंत्री के आवास पर क्षेत्र से आए सैकड़ों लोगों ने होली गीत गाकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पावन पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री गोंड ने अबीर गुलाल लगाकर लोगों को गुझिया मिष्ठान खिलाकर बधाई देते हुए कहा कि रंगों का यह पावन पर्व देश एवं प्रदेशवासियों के जीवन में सुख,समृद्धि,उत्तम स्वास्थ्य,सौहार्द और आत्मिक स्वास्थ्य लाए। आमतौर पर होलिका दहन के अगले दिन ही होली का पर्व मनाया जाता है, लेकिन इस बार चंद्र ग्रहण के चलते मंगलवार के स्थान पर बुधवार को होली खेली गई।नगर क्षेत्र के नई बस्ती स्थित नपं अध्यक्ष फुलवंती गोड़ के आवास व बाजार में होली का विशेष रंग देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चौकी प्रभारी घनश्याम तिवारी पुरे क्षेत्र में चक्रमण करते रहे।

# रंगों के महापर्व होली पर सदर विधायक अंकुर राज तिवारी जनपदवासियों को दी शुभकामना, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाए होली पर्व

दैनिक बुद्ध का संदेश

**संतकबीरनगर।** विधानसभा क्षेत्र खलीलाबाद 313 सदर के लोकप्रिय विधायक अंकुर राज तिवारी ने होली के पावन अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि होली रंगों, उल्लास और सामाजिक समरसता का महापर्व है, जो हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और भाईचारे के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। विधायक अंकुर तिवारी ने कहा कि होली का त्योहार भारतीय संस्कृति की जीवंतता और विविधता का प्रतीक है। यह पर्व हमें नकारात्मकता को त्यागकर सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश देता है। रंगों का यह उत्सव



समाज में एकता, सौहार्द और परस्पर विश्वास को मजबूत करता है। उन्होंने कहा होली हमें यह सिखाती है कि जीवन में खुशियों के रंग भरने के लिए आपसी सहयोग और प्रेम आवश्यक है। इस अवसर पर मैं विधानसभा क्षेत्र 312 सदर सहित समस्त जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। विधायक अंकुर तिवारी ने युवाओं से अपील की कि होली के दौरान मर्यादा और शालीनता का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की अभद्रता से दूर रहें। उन्होंने कहा कि त्योहारों का वास्तविक उद्देश्य समाज में सौहार्द और सद्भाव को बढ़ावा देना है। सभी लोग प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में होली मनाएं। विधायक ने यह भी कहा कि प्रदेश और जनपद के विकास के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। होली का यह पावन अवसर हमें एकजुट होकर क्षेत्र के विकास, खुशहाली और प्रगति के लिए संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है। अंत में उन्होंने कहा कि आइए, हम सब मिलकर इस रंगोत्सव को हर्षोल्लास, भाईचारे और सामाजिक एकता के साथ मनाएं और अपने क्षेत्र को प्रगति एवं खुशहाली के नए आयाम तक पहुंचाने का संकल्प लें।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सिसवा में निकली भगवान नरसिंह की भव्य शोभायात्रा, होली पर्व पर उमड़ा जनसैलाब

दैनिक बुद्ध का संदेश

**महराजगंज/सिसवा बाजार।** होली महापर्व के अवसर पर नगर में हिन्दू कल्याण मंच के तत्वावधान में भगवान नरसिंह की भव्य शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने रंग–अबीर उड़ाते हुए पारंपरिक ढंग से सार्वजनिक होली मनाई और पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत श्री रामजानकी मंदिर परिसर में विधिवत पूजन–अर्चन से हुई। इस दौरान महंथ शंभुनाथ जी महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग प्रचारक अजीत जी, जिला प्रचारक विनय जी तथा सिसवा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिजेश जायसवाल ने प्रभु श्रीराम और भगवान नरसिंह की आरती कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। सह विभाग प्रचारक अजीत ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए होली पर्व की धार्मिक और सामाजिक महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद गरुण रथ पर विराजमान भगवान नरसिंह की शोभायात्रा गाजे–बाजे और



जयकारों के बीच निकाली गई। यात्रा श्री रामजानकी मंदिर से प्रारंभ होकर प्राचीन काली मंदिर, स्टेट चौक, सब्जी मंडी, श्याम मंदिर, पुरानी पुलिस चौकी, गोपालनगर होते हुए हनुमानगढ़ी मंदिर तक पहुंची। इसके पश्चात शोभायात्रा अमरपुरवा चौक से होते हुए पुनः श्री रामजानकी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने मटकी बांधकर परंपरा के अनुसार स्वागत किया, जिन्हें रथ पहुंचने पर सामूहिक रूप से फोड़ा गया। वहीं कई स्थानों पर लोगों ने अपने घरों की छतों से भगवान नरसिंह के रथ पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धा व्यक्त की। हिन्दू कल्याण मंच के अध्यक्ष प्रमोद मद्देशिया ने समस्त नगरवासियों एवं हिन्दू समाज को होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक एकता एवं सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। शोभायात्रा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कोठीभार थाना पुलिस और सिसवा चौकी की पुलिस टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने स्वयं नगर क्षेत्र में निगरानी रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। इस अवसर पर मंच के नितेश कुमार श्रीवास्तव, रवि यादव, विकास जायसवाल, अमित पुरी, मोहन अग्रवाल, मोहन रौनियार, आशुतोष भालोटिया, श्यामदत्त पांडेय, अंकित लाठ, शुभम केडिया, आशीष अग्रवाल, विवेक जायसवाल, अनूप पटवा, रविराज जायसवाल, दीपक जायसवाल, जय हिन्द गुप्ता, अंकित केडिया, गौरव अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# सदर/एक्स्ट्रा मजिस्ट्रेट की गाड़ी से मासूम सहित एक व्यक्ति घायल, चालक फरार

दैनिक बुद्ध का संदेश

**पयागपुर/बहराइच।** पयागपुर थाना क्षेत्र में सदर/एक्स्ट्रा मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी



बहराइच को आवंटित वाहन की चपेट में आने से दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जबकि गाड़ी को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रघुरामपुर, पयागपुर निवासी पदम कुमार दूबे मासूम बालिका अन्तिमा के साथ सब्जी खारीदकर दूर खड़ी बाइक की ओर जा रहे थे।इसी दौरान आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ने दोनों को टक्कर मार दी, जिससे वे घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल सीएचसी पयागपुर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत को देखते हुए दोनों को महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय (बहराइच मेडिकल कॉलेज) रेफर कर दिया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि संबंधित वाहन सदर/एक्स्ट्रा मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी बहराइच को आउटसोर्सिंग के माध्यम से आवंटित था। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पयागपुर थाना पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है।

## ग्रामीणों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर दी पर्व की शुभकामनाएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

**पयागपुर/बहराइच।** रंगों के पर्व होली के अवसर पर गांव में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर पर्व की



शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। होली के इस उल्लासपूर्ण अवसर पर गांव वासियों के साथ मिलकर त्यौहार का आनंद लिया गया। सभी लोग रंगों में सराबोर नजर आए और ढोल–नगाड़ों के बीच पारंपरिक अंदाज में होली मनाई गई। युवाओं व बुजुर्गों ने मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व को उत्साहपूर्वक संपन्न किया। ग्रामीणों ने कहा कि होली आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है, जिसे सभी को मिल–जुलकर मनाना चाहिए। पूरे क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाए जाने से खुशहाली का संदेश गया।

# बाबा रामप्रकाश द्वार जर्जर, मेंटिनेंस के अभाव में बढ़ा खतरा

दैनिक बुद्ध का संदेश

**पयागपुर/बहराइच।** पयागपुर–हुजूरपुर रोड पर सुसज्जित किया गया था। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को जिससे राहगीरों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न



स्थित बाबा रामप्रकाश द्वार इन दिनों मेंटिनेंस के अभाव में जर्जर होता जा रहा है। कभी श्रद्धालुओं के स्वागत और मंदिर की भव्य पहचान माने जाने वाला यह प्रवेश द्वार अब स्वयं अपने अस्तित्व के संकट से जूझता दिखाई दे रहा है। करीब 15 वर्ष पूर्व लगभग लाखों रुपये की लागत से निर्मित इस भव्य द्वार को आकर्षक टाइल्स से बाबा रामप्रकाश मंदिर तक पहुंचने में यह द्वार मार्गदर्शक की भूमिका निभाता था और मंदिर की पहचान के रूप में दूर से ही नजर आता था। हालांकि, निर्माण के कुछ समय बाद ही टाइल्स टूटकर गिरने की शिकायतें सामने आने लगी थीं। बीते लगभग एक वर्ष के भीतर कई स्थानों पर टाइल्स क्षतिग्रस्त होकर गिर चुकी हैं, हो गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत और रखरखाव का कार्य नहीं कराया गया तो यह प्रवेश द्वार गंभीर क्षति का शिकार हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से शीघ्र मरम्मत कराकर द्वार की भव्यता और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# परतावल में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक युवक गंभीर घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

**महराजगंज/परतावल।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत परतावल के वार्ड नंबर 6 आजाद नगर (कुर्मी टोला) के पास बुधवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटू चौहान उर्फ जितेंद्र चौहान (35) पुत्र सुदर्शन चौहान तथा हीरालाल (30) पुत्र सुरेश, निवासी ग्राम लखिमा, थाना श्यामदेउरवा, मोटरसाइकिल से लखिमा से धर्मौली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान परतावल के कुर्मी टोला के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के



लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परतावल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद जितेंद्र चौहान उर्फ छोटू चौहान को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल हीरालाल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल महराजगंज रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही परतावल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल महराजगंज भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है और मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतक जितेंद्र चौहान रोजाना शहर जाकर दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते थे। वे परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। हादसे की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र पवन और पुत्री अंशु का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## मोहल्ला घोसियाना में पूर्व माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार के सामने नालियों की सफाई न होने से भरा गंदा पानी

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बहराइच।** नगर पालिका परिषद बहराइच के वार्ड संख्या 32 नेवरय्या स्थित मोहल्ला घोसियाना में पूर्व माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार के सामने नालियों की सफाई न होने से गंदा




पानी भरा हुआ है। इसके कारण विद्यालय आने–जाने वाले बच्चों को कीचड़ और दुर्गंध के बीच होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है। कई बार आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक जर्जर सड़कें, उखड़े हुए खड़ंजे और खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत नहीं कराई गई। मोहल्ले के लोगों ने प्रशासन और नगर पालिका से समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है, ताकि बच्चों और स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके।

## रामालय गेस्ट हाउस पयागपुर में होली मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बहराइच/पयागपुर।** पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत रामालय गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन का भव्य




आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों के साथ होली की बधाई साझा करते हुए सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। आयोजित कवि सम्मेलन में विभिन्न कवियों ने अपनी ओजस्वी वाणी से कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सौंदर्य रस के कवियों ने अपनी रचनाओं में प्रकृति और सुंदरता का बखान किया, वहीं वीर रस के कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से वीरता और उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक मिशन त्रिपाठी, मंगल प्रसाद शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामगोपाल शुक्ला, वर्तमान मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडे, मंडल उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना शुक्ला सहित क्षेत्र के अनेक संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर की गयी बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी/प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की तैयारियों तथा उसके प्रथम चरण के कार्यों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना के प्रारंभिक कार्यों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए तथा प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। सभी अधिकारियों को जनगणना के प्रथम चरण से संबंधित प्रक्रियाओं और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनगणना निदेशालय की ओर से आईं प्रियासा सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत किए जाने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि इस बार की जनगणना पूर्णतया डिजिटल जनगणना होगी। उन्होंने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी चरण में प्रत्येक क्षेत्र में स्थित भवनों और मकानों की सही–सही पहचान और सूचीकरण किया जाता है, जो आगे होने वाली जनगणना की प्रक्रिया का आधार बनता है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को चरणबद्ध तरीके से यह बताया गया कि मकान सूचीकरण कैसे किया जाएगा, किस प्रकार प्रत्येक भवन की जानकारी दर्ज की जाएगी तथा किन–किन बिंदुओं का विशेष ध्यान रखना होगा। इसके साथ ही डिजिटल माध्यमों के उपयोग, डाटा की शुद्धता, सर्वेक्षण के दौरान सावधानियों और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इसमें सभी संबंधित अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत




आवश्यक है। जिलाधिकारी/प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी को गंभीरता से समझें और अपने–अपने क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी सही तरीके से मार्गदर्शन प्रदान करें, ताकि जनगणना का कार्य बिना किसी त्रुटि के सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूरी पारदर्शिता और सावधानी के साथ किया जाना चाहिए, क्योंकि इसी आधार पर आगे की जनगणना प्रक्रिया संचालित होती है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित अधिकारी तुरंत उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। बैठक में यह भी बताया गया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में जनगणना,2027 के प्रथम चरण में 07 मई से 21 मई,2026 तक ''स्व गणना'' का कार्य स्वयं नागरिकों के द्वारा भी किए जाने का प्राविधान रखा गया है, जिस हेतु 22 मई 2026 से प्रारंभ होकर 20 जून 2026 तक सम्पन्न किया जाएगा। इस अवधि के दौरान जनपद के सभी चार्ज क्षेत्रों में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य कराया जाएगा। इसके लिए पहले से ही आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। अधिकारियों को यह भी बताया गया कि सर्वेक्षण के दौरान प्रत्येक मकान की सही जानकारी दर्ज करना अनिवार्य होगा, जिससे आगे होने वाली जनसंख्या गणना की प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। साथ ही, कार्य के दौरान निर्धारित दिशा–निर्देशों का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य होगा।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में जनगणना से संबंधित कार्यों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा कराएं, ताकि जनपद में जनगणना 2027 का प्रथम चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न किया जा सके। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश चन्द्र, अपर जिला जनगणना अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी आई0टी0एस0 तथा ग्रासिम इंडस्ट्रीज के अधिकारी और जनपद स्तरीय उपस्थित रहें।

## पहाड़ी से गिरकर बुजुर्ग की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। रेणुका पार क्षेत्र के पनारी ग्राम सभा के टोला कुम्हिया में बीते मंगलवार की देर शाम एक बुजुर्ग 60वर्षीय महिला की पहाड़ी से गिरकर मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पहुंची ओबरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। आशंका जताई जा रही है कि घटना के समय मृत महिला एवं उसका पति शराब के नशे में थे। मृतक 60वर्षीय रजवसिया पत्नी मघई मंगलवार की शाम को पहाड़ी पर शराब पी रहे थे।देर शाम पहाड़ी से उतरते समय महिला का पैर फिसल गया वही पति के नशे में होने के कारण पत्नी का सुध नहीं के पाया। महिला रातभर वही पड़ी रही और मौत हो गई।बुधवार की सुबह महिला को देख ग्रामीणों ने ओबरा पुलिस को जानकारी दी।इस मामले में थाना प्रभारी सदानंद राय ने बताया कि मृतका का पुत्र राय सिंह ने ओबरा थाना में दी तहरीर में बताया है कि नशे में होने के कारण मां की पहाड़ी से गिरकर मौत हो गई है। ओबरा पुलिस मौके पर जाकर लोगों से पूछताछ कर जांच में जुटी हुई है।वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक :- श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं मकान नं. 203 निकट बी.एस.एन.एल. टावर खलवा मोहल्ला, नगर पालिका परिषद बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर, उ0प्र0-271201 से प्रकाशित | आर.एन.आई. नं0- UPHIN/2021/86502 | सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा



इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# बॉक्स ऑफिस पर द केरल स्टोरी 2 ने तीसरे दिन दिखाया कमाल, कमाई 10 करोड़ के पार, ओ रोमियो–बॉर्डर 2 के तेवर हुए ढीले



विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म द केरल स्टोरी 2रू गोज बियॉन्ड ने सिनेमाघरों में दम दिखाना शुरू कर दिया है। विवादों में फंसी फिल्म को सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिलता दिखाई दे रहा है जिसकी बदौलत इसने वीकेंड पर जबरदस्त दम दिखाया है। फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर अपनी मजबूत पकड़ बनाई थी। अब तीसरे दिन की दमदार कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 27 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 75 लाख रुपये से खाता खोला था। अगले ही दिन, यानी शनिवार को इसने 4.65 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया। वहीं फिल्म ने तीसरे दिन, यानी रविवार को 5 करोड़ रुपये की कमाई की है जिसके बाद कुल कारोबार 10.40 करोड़ रुपये हो गया है। 3 दिनों के अंदर हुई फिल्म की यह कमाई निर्माताओं के लिए बड़ी राहत की बात है। 2023 में, अदा शर्मा की फिल्म द केरल स्टोरी रिलीज हुई थी जिसे टक्कर देने से दूसरी किस्त पिछड़ गई है। दरअसल, पहली किस्त ने अपने शुरुआती 3 दिनों में 35.43 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया था, जबकि दूसरी किस्त इन आंकड़ों से काफी पीछे रह गई है। कामाख्या नारायण सिंह द्वारा निर्देशित द केरल स्टोरी 2 में, अभिनेत्री उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा मुख्य किरदार में दिखाई दी हैं। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म को विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया है. फिल्म में विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल और नाना पाटेकर ने अहम रोल प्ले किया है. इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं लेकिन ये दर्शकों को इम्प्रेस नहीं कर पाई इसी के साथ इसकी कमाई भी खास नहीं हुई है. बता दें कि इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क  के मुताबिक, गैंगस्टर ड्रामा फिल्म ने रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे संडे को 1.15 करोड़ कमाए हैं. जिसके बाद इस फिल्म की 17 दिनों की भारत में कुल कमाई अब 65.15 करोड़ रुपये हो गई है. अनुभव सिंह के डायरेक्शन में बनी और तापसी पन्नू स्टारर कोर्ट रूम ड्रामा अस्सी भी दर्शकों को सिनेमाघरों तक नहीं खींच पाई. इस फिल्म की शुरुआत काफी ठंड़ी हुई थी और फिर पहले हफ्ते में भी इसका कलेक्शन सिर्फ 6.95 करोड़ रुपये रहा. इसके बाद 8वें दिन इसने 45 लाख रुपये कमाए और 9वें दिन 60 लाख का कलेक्शन किया. इसके बाद 10वें दिन यानी दूसरे संडे को फिल्म ने 48 लाख रुपये कमाए. इसी के साथ इस फिल्म की भारत में 10 दिनों की टोटल कमाई 8.48 लाख रुपये हो चुकी है. सनी देओल की बॉर्डर 2 बॉक्स ऑफिस पर नई फिल्मों के आगे भी डटी हुई है. दिलचस्प बात ये है कि इसे सिनेमाघरों में रिलीज हुए 38 दिन हो चुके हैं और ये अब भी नोट कमा रही है. हालांकि इसका कलेक्शन अब काफी कम हो चुका है. बता दें कि बॉर्डर 2 ने सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक रिलीज के 38वें दिन यानी छठे संडे को 25 लाख रुपये कमाए हैं. इसी के साथ इस फिल्म की 38 दिनों की कुल कमाई अब 327.55 करोड़ रुपये हो गई है. रानी मुखर्जी की मर्दानी 3 ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया है. ये फिल्म भी रिलीज के पांचवें हफ्ते में भी कमाई कर रही है और बॉर्डर 2 को बराबर की टक्कर दे रही है. हालांकि इसकी कमाई भी काफी कम हो चुकी है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो मर्दानी 3 ने पांचवें संडे यानी 31वें दिन  24 लाख का कलेक्शन किया है. जिसके बाद इस फिल्म की 31 दिनों की टोटल कमाई अब 49.29 करोड़ रुपये हो गई है.

## धुरंधर 2 वर्सेस टॉक्सिक एडवांस बुकिंगः यूएस बॉक्स ऑफिस पर आगे निकले रणवीर सिंह, यश का ऐसा हाल

रणवीर सिंह की धुरंधर 2 और यश की टॉक्सिक में क्लैश होने वाला है. ये महाक्लैश 19 मार्च को होगा. धुरंधर 2 को आदित्य धर ने बनाया है. वहीं टॉक्सिक को गीतू मोहनदास ने बनाया है. दोनों फिल्में ग्रैंड लेवल पर बनी हैं. धुरंधर 2 और टॉक्सिक की अमेरिका एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है. रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्थ अमेरिका में फिल्म को लेकर काफी बज है. धुरंधर 2 ने एडवांस बुकिंग में 33.7के डॉलर की सेल्स कर ली है. पिछले 24 घंटे में फिल्म ने 159 परसेंट का उछाल देखा है. वहीं शो के काउंट हैं 209. अब तक यूएस में 151 जगहों से 1.9के से ज्यादा टिकट बिक



चुके हैं. फिल्म 17 दिनों के बाद रिलीज होने वाली है. फिल्म में रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल और आर माधवन जैसे स्टार्स नजर आएंगे. धुरंधर 2 का टॉक्सिक के साथ क्लैश के बावजूद फिल्म की एडवांस बुकिंग शानदार हो रही है. फिल्म को बस अपनी रफ्घ्तार बनाए रखने की जरूरत है. धुरंधर 2 की बात करें तो ये 2025 में आई फिल्म धुरंधर का दूसरा पार्ट है. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था. फैंस को फिल्म बहुत पसंद आई थी. वहीं यश की पीरियड गैंगस्टर ड्रामा टॉक्सिक की बात करें तो फिल्म ने यूएस में 81 लोकेशन्स पर 3.6के डॉलर की सेल्स की है. शो काउंट 122 है और पिछले 24 घंटे में फिल्म ने 9 परसेंट ग्रोथ देखी है. टॉक्सिक के 189 टिकस बिक चुके हैं. बता दें कि टॉक्सिक में यश लीड रोल में हैं. गीतू मोहनदास ने इसे बनाया है. इस फिल्म में कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, रुक्मणि वसंत, नयनतारा जैसे स्टार्स हैं. इस फिल्म को लेकर भी काफी बज है. फिल्म का टीजर बहुत चर्चा में रहा था. रिपोर्ट्स हैं कि इसमें यश को डबल रोल में देखा जा सकता है. यश एक्शन अवतार में दिखेंगे.

## फिल्म उस्ताद भगत सिंह का नया पोस्टर जारी, मास अवतार में नजर आए पवन कल्याण

पवन कल्याण के शानदार हैट वाले अवतार वाले उस्ताद भगत सिंह के पोस्टर ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है, फैंस और सिनेमा लवर्स इस इलेक्ट्रिफाइंग लुक का जश्न मना रहे हैं। जबरदस्त




रिस्पॉन्स से पता चलता है कि फिल्म को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज है, और रिलीज हुए हर कंटेंट को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। टीजर सेंसेशन बन गए, सभी प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड हुए और जबरदस्त बज बनाया। गाने श्देखेंगे सालाच्च और श्उस्ताद का औराच्च चार्टबस्टर बन गए हैं, जिसमें पवन कल्याण के स्वैग और स्क्रीन प्रेजेंस को खूब पसंद किया गया। हर गाने ने पावर स्टार के औरा को और बढ़ाया है, और फैंस के साथ एक जबरदस्त रिश्ता बनाया है। ब्लॉकबस्टर फिल्ममेकर हरीश शंकर के डायरेक्शन में बनी, उस्ताद भगत सिंह एक पूरी एंटरटेनर बनने जा रही है। रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद अपने बेस्ट पर हैं, उन्होंने जबरदस्त म्यूजिक दिया है जो फिल्म की हाई–वोल्टेज एनर्जी को पूरी तरह से कॉम्प्लिमेंट करता है। यह फिल्म तमिल हिट थेरी की तेलुगु रीमेक है, जिसमें पवन कल्याण एक दमदार पुलिस ऑफिसर का रोल कर रहे हैं। मेकर्स अब फिल्म से एक पावर–पैक्ड 40–सेकंड की झलक रिलीज करने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे बज और भी बढ़ जाएगा। उम्मीदें आसमान छू रही हैं और एक्साइटमेंट लगातार बढ़ रहा है, उस्ताद भगत सिंह एक बार फिर मास सिनेमा को नया रूप देने के लिए तैयार है। फिल्म 26 मार्च, 2026 को ग्रैंड रिलीज के लिए तैयार है। मैथरी मूवी मेकर्स के तहत नवीन यरनेनी और वाई. रवि शंकर द्वारा प्रोड्यूस की गई, उस्ताद भगत सिंह में श्रीलीला, राशि खन्ना और पार्थीबन जैसे स्टार्स हैं।

## इंडस्ट्री में एक्ट्रेसेस पर परफेक्शन का दबाव होता है, एक्टिंग करियर के अनुभव को संदीपा धर ने किया साझा

अक्सर फिल्मों में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो कम समय के लिए आते हैं, लेकिन दर्शकों के दिल में गहरी छाप छोड़ जाते हैं। संदीपा धर द्वारा निभाए गए किरदार इन्हीं बातों का शानदार



उदाहरण हैं। अपनी पहली फिल्म इसी लाइफ में से लेकर दो दीवाने शहर में तक, उन्होंने कई तरह के रोल निभाए। संदीपा ने कहा कि अपने किरदारों के जरिए वह आज की महिलाओं की उस सच्चाई को सामने रखती हैं, जिस पर अक्सर खुलकर बात नहीं होती। इसके अलावा, उन्होंने इंडस्ट्री में परफेक्शन के दबाव के बीच खुद को कैसे तनावमुक्त रखती हैं, इस पर भी अपने विचार रखे। संदीपा ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया और कहा, उस समय इंडस्ट्री को लेकर मेरी समझ सीमित थी, लेकिन जुनून काफी था। पहली फिल्म के दौरान मिली पहचान और अवॉर्ड नॉमिनेशन ने मुझे आत्मविश्वास दिया, मगर साथ ही जिम्मेदारी का एहसास भी कराया। समय के साथ मैंने समझा कि हर अवसर बड़ा नहीं होता, लेकिन हर अवसर महत्वपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा, करियर के दौरान ऐसे भी मौके मिले, जब स्क्रीन पर समय कम था। लेकिन मेरा मानना है कि किरदार की सच्चाई और प्रस्तुति ही असली फर्क पैदा करती है। दर्शक अभिनय की प्रामाणिकता को महसूस करते हैं, चाहे भूमिका छोटी हो या बड़ी। यही सोच मुझे हर प्रोजेक्ट को समान गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित करती है। संदीपा ने कहा, इंडस्ट्री में प्रतिस्पर्धा और तुलना आम बात है, और कई बार कलाकार खुद को कमतर महसूस करने लगते हैं। मुझे भी ऐसे दौर से गुजरना पड़ा। लेकिन इस अनुभव ने मुझे सिखाया कि बाहरी मान्यता से ज्यादा जरूरी आत्म–स्वीकृति है। इंडस्ट्री में परफेक्शन का दबाव बहुत होता है। लुक्स, फिटनेस और सोशल मीडिया पर इमेज... इन सबके बीच खुद को संतुलित रखना आसान नहीं होता। लगातार यह सुनना कि आपको और बेहतर दिखना चाहिए या और बदलना चाहिए, आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। इसलिए मैंने खुद को स्वीकारने की हिम्मत जुटाई। संदीपा ने आगे डांस को अपने जीवन का अहम हिस्सा बताया। उन्होंने कहा, मैं एक ट्रेंड डांसर हूं और आज भी किसी मजबूत कहानी वाली डांस–आधारित फिल्म का इंतजार कर रही हूं। मेरे लिए डांस केवल कला नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति का माध्यम है, जिसने मेरे अभिनय को भी समृद्ध बनाया है।

# ध्यान लगाने से जुड़े इन भ्रमों को सच मानने की न करें गलती, जानें सही जानकारी



ध्यान एक प्राचीन तरीका है, जो मानसिक शांति और आत्म–जागरूकता को बढ़ावा देता है। इसको लेकर कई भ्रम और गलत धारणाएं प्रचलित हैं, जो लोगों को इसके अभ्यास से दूर रखती हैं या गलत दिशा में ले जाती हैं। इस लेख में हम ध्यान से जुड़े 5 प्रमुख भ्रमों को जानेंगे और उनकी सच्चाई को समझेंगे, ताकि आप सही जानकारी के साथ ध्यान का अभ्यास कर सकें और इसके लाभ उठा सकें।

भ्रम– केवल धार्मिक लोगों के लिए होता है ध्यान

यह सबसे आम गलतफहमियों में से एक है कि ध्यान करना केवल धार्मिक लोगों के लिए होता है। सच्चाई यह है कि ध्यान एक वैज्ञानिक तरीका है, जो किसी भी व्यक्ति की जीवनशैली में शामिल किया जा सकता है। चाहे आप धार्मिक हों या नहीं, आप ध्यान लगा सकते हैं। यह मानसिक शांति, एकाग्रता और आत्म–जागरूकता बढ़ाने का एक बेहतरीन तरीका है। ध्यान का अभ्यास किसी भी उम्र और पृष्ठभूमि के लोग कर सकते हैं।

भ्रम– ध्यान करने के लिए विशेष प्रशिक्षण की होती है जरूरत

कई लोग मानते हैं कि ध्यान करने के लिए विशेष प्रशिक्षण की जरूरत होती है, जबकि ऐसा नहीं है। आप खुद ही सरल तरीकों से ध्यान करना सीख सकते हैं। इंटरनेट पर कई वीडियो और लेख उपलब्ध हैं, जो आपको घर बैठे ही सही तरीके से ध्यान करने की जानकारी दे सकते हैं। इसके अलावा आप किताबें पढ़कर भी ध्यान की तकनीकों को समझ सकते हैं और उन्हें अपने जीवन में शामिल कर सकते हैं।

भ्रम– ध्यान करना होता है मुश्किल

ध्यान से जुड़ा एक और सामान्य भ्रम यह है कि इसे करना बहुत मुश्किल होता है। सच्चाई यह है कि शुरूआत में थोड़ी परेशानी हो सकती है, लेकिन नियमित अभ्यास से इसमें महारत हासिल की जा सकती है। बस आपको धैर्य रखना होगा और धीरे–धीरे इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। ध्यान का अभ्यास जितना ज्यादा करेंगे, उतनी ही आसानी से आप इसे कर पाएंगे और इसके फायदों का आनंद ले सकेंगे।

भ्रम– ध्यान करने से आती है नींद

यह भी एक गलत धारणा है कि ध्यान करने से नींद आती है। वास्तव में ध्यान एक ऐसी प्रक्रिया है, जो आपके मन को शांत करती है और आपको अधिक सतर्क बनाती है। सही समय पर और सही तरीके से किया गया ध्यान आपको बेहतर नींद देता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इसे करने से तुरंत नींद आ जाएगी। ध्यान करने से आपकी नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है और आप अधिक तरोताजा महसूस करते हैं।

भ्रम– ध्यान करने से दिमाग हो जाता है खाली

ध्यान से जुड़ा एक भ्रम यह भी है कि ध्यान करने पर दिमाग खाली हो जाता है। वास्तव में ध्यान का मतलब है अपने विचारों को नियंत्रित करना, न कि उन्हें पूरी तरह से खत्म करना। इससे आप अधिक स्पष्टता और फोकस प्राप्त करते हैं। इन सभी भ्रमों को समझकर हम देख सकते हैं कि कैसे ये हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालते हैं और हमें सही जानकारी प्राप्त करने से रोकते हैं।